
रोहतक
रविवार 25 अक्टूबर 2026
अश्विन मास शुक्ल पक्ष,
चतुर्दशी वर्ष : 30, अंक : 262
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

मौसम हरियाणा
अधि. 33.7°C
न्यून. 14.6°C

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

तापमान में आएगी गिरावट, बढ़ेगी ठंड


फतेहाबाद


पैरा एशियन गेम्स

क्लोजिंग सेरेमनी में निशाद और मोना ने थामा तिरंगा

भारत ने रिकॉर्ड 114 मेडल जीते, टैली में चौथे स्थान पर रहा

एजेंसी ▶▶| नागोया

एशियन पैरा गेम्स 2026 की शनिवार को क्लोजिंग सेरेमनी हुई। जापान के नागोया में हुए कार्यक्रम में निशाद कुमार और मोना अग्रवाल ने तिरंगा थामा। भारत ने इस बार 30 गोल्ड, 35 सिल्वर और 49 ब्रान्ज के साथ रिकॉर्ड 114 मेडल जीते और मेडल टैली में चौथे स्थान पर रहा। यह एशियन पैरा गेम्स में भारत का अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन है।

इस बार 30 गोल्ड, 35 सिल्वर और 49 ब्रान्ज जीते

इससे पहले 2022 हांगझोउ गेम्स में भारतीय दल ने 108 मेडल जीते थे। चीन 435 मेडल के साथ पहले स्थान पर रहा। मेजबान जापान ने 186 मेडल जीतकर दूसरा और उज्बेकिस्तान ने 145 मेडल के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। साउथ कोरिया 100 मेडल के साथ पांचवें स्थान पर रहा। उसने आखिरी दिन 3 मेडल जीते, लेकिन इनमें सिर्फ 1 गोल्ड था। इससे भारत चौथे स्थान पर बना रहा।

चार जिलों में गिरे ओले, आज और कल भी खराब रहेगा मौसम

हरियाणा (हरिभूमि टीम)। हरियाणा में शनिवार शाम को मौसम बदल गया। हिसार में काली घटा छाने के बाद बारिश हुई, वहीं सिरसा के रानियां और फतेहाबाद के रतिया क्षेत्र और कुरुक्षेत्र में तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई। हांसी में बूंदाबांदी हुई। कैथल, कुरुक्षेत्र और करनाल में तूफान आया। इससे पहले सुबह झज्जर जिले के बिरोहड़, मालियावास, कालियावास और आसपास के गांवों में बारिश के साथ ओले गिरे। मौसम विज्ञान केंद्र, चंडीगढ़ ने सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, जींद, कैथल, करनाल, कुरुक्षेत्र, पानीपत और सोनीपत के लिए बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। इन इलाकों में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने और गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की पूरी संभावना है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव से 25 अक्टूबर की रात तक प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में बादलों की आवाजाही बनी रहेगी। तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है।

हिसार में काली घटा छाने के बाद हुई तेज बारिश

हांसी में बूंदाबांदी, कैथल, कुरुक्षेत्र और करनाल में तूफान आया

न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी

राज्य में रात और अलसुबह के औसत न्यूनतम तापमान में पिछले दिन के मुकाबले 0.3 डिग्री की बढ़त दर्ज की गई। वर्तमान में राज्य का औसत न्यूनतम तापमान इस मौसम के सामान्य स्तर से 1.7 डिग्री अधिक बना हुआ है। प्रदेश भर में सबसे कम न्यूनतम तापमान 14.6 डिग्री गुरुग्राम में दर्ज किया गया, जो राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा।

खबर संक्षेप

रक्षा सचिव राजेश सिंह का कार्यकाल एक साल बढ़ा

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह का कार्यकाल एक साल बढ़ा दिया है। अब वे 31 अक्टूबर 2027 तक या अगले आदेश तक जो भी पहले हो, इस पद पर बने रहेंगे। उनका मौजूदा कार्यकाल 31 अक्टूबर 2026 को समाप्त होने वाला था। राजेश कुमार सिंह ने 1 नवंबर 2024 को 40वें रक्षा सचिव के रूप में कार्यभार संभाला था। 31 अक्टूबर 2027 तक रिटायर होने तक वे करीब 1095 दिन तक इस पद पर रहेंगे। मोदी सरकार में किसी रक्षा सचिव का यह दूसरा सबसे लंबा कार्यकाल होगा। डॉ. अजय कुमार 1,166 दिनों तक भारत के रक्षा सचिव रहे थे। *एजेंसी*

फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी, मचा हड़कंप

कोलकाता। कोलकाता एयरपोर्ट पर फुकेत-कोलकाता फ्लाइट के शौचालय में बम की धमकी वाला एक संदेश मिलने से एयरपोर्ट पर सुरक्षा को लेकर हड़कंप मच गया, जिसके बाद विमान की सघन तलाशी ली गई। इसके बाद विमान को आइसोलेशन बे में ले जाया गया और यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। इसके बाद सीआईएसएफ, बम निरोधक दस्ते और एयरपोर्ट पुलिस ने विमान की तलाशी शुरू की। *एजेंसी*

सूरत में वंदे भारत पर पथराव, तीन गिरफ्तार

सूरत। सूरत के पास वंदे भारत एक्सप्रेस पर मजे-मजे में पत्थर फेंकने और ट्रेन की खिड़कियां तोड़ने के आरोप में बिहार के तीन मजदूरों को गिरफ्तार किया गया है। यह घटना 18 अक्टूबर को रात करीब 11:30 बजे उत्रान और सूरत के बीच हुई। पुलिस के अनुसार, 26904 उदयपुर सिटी-सूरत वंदे भारत एक्सप्रेस के कोच सी-6 पर पत्थर फेंके गए। इस घटना में दो खिड़कियों के तीन शीशे और पैंट्री कार का शीशा टूट गया, लेकिन किसी यात्री या स्टाफ सदस्य को चोट नहीं आई। *एजेंसी*


पाकिस्तान कश्मीर मुद्दा उठाकर हमें बचा रहा, दिल्ली की नीयत ठीक नहीं : फारूक

पूर्व सीएम का विवादित बयान, कहा-हक के लिए लड़ो वरना मिट जाओगे

एजेंसी ▶▶| बारामूला

जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम फारूक अब्दुल्ला ने शनिवार को एक बार फिर कश्मीर पर विवादित बयान दिया। उन्होंने कहा कि दिल्ली की सरकार हमारी मदद नहीं कर सकती। हमारे पड़ोसी को देखिए वह हर जगह कश्मीर का मुद्दा उठा रहा है। वह हमें बचा रहा है, वरना हमारी सरकार की नीयत ठीक नहीं है। बारामूला में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए फारूक ने कहा- केंद्र सरकार बड़े-बड़े दावे करती हैं और बातचीत की बातें करते हैं, लेकिन दिल्ली से आप क्या उम्मीद कर सकते हैं। उनका सामना कीजिए। अगर आप ऐसा नहीं करेंगे, तो हमारी पहचान मिट जाएगी। जब तक आप अपने पैरों पर खड़े नहीं होते, तब तक आपको कभी सम्मान नहीं मिलेगा, मेरी यह बात याद रखना। अगर आप अपने पैरों पर खड़े होना चाहते हैं, तो सबसे पहले अपने रब को याद करें और उनके दिखाए रास्ते पर चलें।

- हमारा पड़ोसी हर जगह कश्मीर मुद्दा उठा रहा
- केंद्र बड़े-बड़े दावे करता है, लेकिन हम उम्मीद नहीं कर सकते
- सम्मान चहिए तो रब के दिखाए रास्ते पर चलें
- बिना एकजुट हुए हमें कुछ भी हासिल नहीं होगा
- अनुच्छेद 370 को लेकर संघर्ष तेज करने का ऐलान किया



इन्होंने हम पर जुल्म किए

बहुत से लोग आए और चले गए। हमने राजनीति में ऐसे बड़े-बड़े दिग्गजों को देखा है जिन्होंने हम पर जुल्म किए। याद रखें, जब तक आप एकजुट नहीं होंगे, तब तक आप कुछ भी हासिल नहीं कर पाएंगे।

हमारे बच्चे इतिहास को नहीं जानते

आज हमारे बच्चे मोबाइल लेकर घूम रहे हैं लेकिन मां-बाप को पता नहीं कि वह क्या कर रहे हैं। जम्मू में नेशनल-कॉन्फ्रेंस, कांग्रेस और भाजपा जबकि कश्मीर में कितनी पार्टियां खड़ी की गईं? हर घर में पार्टी खड़ी की गई। बस पैसा आता है और वह अपना ईमान बेचने के लिए तैयार हैं।

भाजपा शासित राज्यों में बुलडोजर चल रहा

भारत के बाकी हिस्सों में जहां भाजपा की सरकार है, क्या आप देख रहे हैं कि कैसे लोगों की बस्तियां उजाड़ी जा रही हैं, उनके घरों पर बुलडोजर चलाए जा रहे हैं और उनकी दुकानें तोड़ी जा रही हैं? क्या आपसे कुछ छिपा है।

अब्दुल्ला का पाक प्रेम फिर जागा : भाजपा

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ला ने कहा, फारूक अब्दुल्ला के भीतर का पाकिस्तान समय-समय पर जाग जाता है। जब उनके अंदर का पाकिस्तान सामने आता है, तो वे इस तरह के गैर-जिम्मेदाराना बयान देते हैं। ऐसे बेतुके बयान देने से पहले फारूक अब्दुल्ला को सोचना चाहिए। विश्व हिंदू परिषद के नेता विनोद बंसल ने कहा, कश्मीर भारत का अभिन्न अंग था, है और हमेशा रहेगा। ये भारत में रहते हैं और पाकिस्तान की तारीफ करते हैं। क्या पाकिस्तान की वजह से कश्मीर सुरक्षित है या भारत की ताकत के दम पर पाकिस्तान को दिखाने से कश्मीर सुरक्षित है? अगर उनका यह बयान है, तो इससे बड़ा देशद्रोह कोई नहीं है।

अमेरिका से जल्द प्रत्यर्पण की तैयारी

हिमांशु और नीरज को एफबीआई ने दबोचा

हत्या, रंगदारी के 30 से ज्यादा मामले दर्ज

2023 में इंटरपोल ने रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया था

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत के मोस्ट वॉन्टेड गैंगस्टर हिमांशु भाऊ और नीरज फरीदपुरिया को अमेरिका में एफबीआई ने गिरफ्तार कर लिया है। रोहतक के रिटौली गांव के हिमांशु पर दिल्ली, हरियाणा समेत कई राज्यों में मर्डर, हत्या की कोशिश, रंगदारी और हथियारों की तस्करी जैसे करीब 30 से ज्यादा गंभीर मामले दर्ज हैं। इंटरपोल ने उसके खिलाफ 2023 में रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया था। हरियाणा पुलिस ने उस पर 2.5 लाख और दिल्ली पुलिस ने एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। 2022 में हरियाणा में 24 घंटे में तीन हत्याओं के बाद हिमांशु चर्चा में आया था। हिमांशु भाऊ की गैंग ने ही 2025 में यूट्यूबर एल्विश यादव के गुरुग्राम स्थित घर के बाहर फायरिंग की जिम्मेदारी ली थी। हिमांशु की लॉरेंस और गोल्डी बराड़ गैंग से दुश्मनी मानी जाती है। वहीं, भगोड़े नीरज फरीदपुरिया को भी पकड़ा गया है। वह इस साल जमानत पर रिहा होने के बाद अपने टखने में लगा निगरानी ट्रैकर हटाकर गिरफ्तारी से बच रहा था।




हरियाणा पुलिस ने 2.5 लाख और दिल्ली पुलिस ने एक लाख इनाम कर रखा है घोषित

हिमांशु ने लास वेगास में बना रखा था ठिकाना

रिपोर्ट के मुताबिक, राष्ट्रीय जांच एजेंसी के एक सूत्र ने बताया कि दिल्ली और हरियाणा पुलिस की कई टीमें गैंगस्टर हिमांशु भाऊ की अमेरिका में तलाश कर रही थीं। तकनीकी निगरानी और मुखबिरों से मिली जानकारी के आधार पर लास वेगास में उसका ठिकाना पता लगाया गया। इसके बाद अमेरिकी कानून प्रवर्तन एजेंसियों को उसकी लोकेशन शेयर की गई, जिन्होंने गुरुवार शाम उसे गिरफ्तार कर लिया।

यमुनानगर में बड़ी वारदात

बेटे ने की मां के प्रेमी की हत्या शव कट्टे में भरकर नाले में फेंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

मां के प्रेमी की दोस्त के साथ मिलकर हत्या करने के मामले में आरोपी बेटा व उसका दोस्त पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उप पुलिस अधीक्षक रजत गुलिया ने बताया कि गत 17 अक्टूबर को गांव नगांवा जगीर के खेतों में शिव कुमार उर्फ शिबू पुत्र रघुबीर वासी गांव बुडिया की लावारिश हालत में लाश मिली थी। जिसके सिर वा शरीर पर गहरे चोट के निशान थे। पुलिस ने वारदात में शामिल मुख्य आरोपी प्रदीप कुमार पुत्र नाथी राम व किरण पाल पुत्र सतीश कुमार वासीयान गांव नगांवा जगीर को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियो ने अपना अपराध कबूल कर लिया है। आरोपी प्रदीप कुमार ने पूछताछ पर बतलाया कि उसकी माता सुनिता का काफी समय से मृतक शिवकुमार के साथ अवैध सबंध हैं, जिसके बारे मैंने शिवकुमार को कई बार समझाया था परन्तू वह नहीं माना। उसके बाद उसने अपने दोस्त किरण पाल के साथ मिलकर इस हत्याकाण्ड को अजांम दिया है। आरोपियों को अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड पर लिया है।



सिर में रॉड मारकर ली जान
■
संबंधों से था नाराज, कई बार हो चुका था झगड़ा

फिलीपींस में बड़ा हादसा

2 ट्रेनी विमान टकराए चारों पायलटों की मौत

मनीला (एजेंसी)। फिलीपींस में शुक्रवार को ट्रेनिंग के दौरान वायुसेना के दो विमान टकरा गए। हादसे में दोनों विमानों में सवार चारों पायलटों की मौत हो गई। हादसा दोपहर 3:51 बजे मनीला के दक्षिण में लीपा शहर स्थित फर्नांडो एयर बेस के पास हुआ। दोनों एसएफ-260 विमान कम ऊंचाई पर उड़ रहे थे। एक विमान के टुकड़े सैन्यकर्मियों के बैरक के पास गिरे। फिलीपीन वायुसेना ने एसएफ-260 विमानों की उड़ान पर रोक लगा दी है। जांच पूरी होने तक ये विमान उड़ान नहीं भरेंगे। इस साल हवा में विमानों के टकराने का यह दुनिया का पांचवां बड़ा हादसा है। एसएफ-260 इटली में बने ट्रेनिंग विमान हैं। फिलीपींस ने 2010-11 के दौरान ऐसे 18 विमान इटली की कंपनी से खरीदे थे। इनका इस्तेमाल वायुसेना के पायलटों को उड़ान की ट्रेनिंग देने के लिए किया जाता है।

दोनों एसएफ-260 विमान कम ऊंचाई पर उड़ रहे थे

पति लापता, घर पहुंची पुलिस

2.5 करोड़ के नकली नोट, मशीन बरामद

तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)। केरलम में एक व्यक्ति के लापता होने की जांच के दौरान पुलिस को कोल्लम में उसके घर पर नकली नोट छापने के एक ठिकाने का पता चला। वहां से पुलिस ने छपाई के उपकरण और अन्य सामान जब्त किए। इनका संबंध लगभग 2.5 करोड़ रुपये के नकली नोटों से है। पुलिस ने सिबियन के घर की तलाशी ली और उसे हिरासत में ले लिया। यह जांच तब शुरू हुई, जब सिबियन की पत्नी टिन्सी ने 16 अक्टूबर को पति के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई। जांच के दौरान पता चला कि सिबियन का कथित तौर पर आश्रम से अपहरण किया गया था और उसके सोने के आभूषण भी छीन लिए गए थे। जानकारी मिली कि आदर्श नाम के एक व्यक्ति ने उसे किसी जगह बुलाया था। पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज किया। बाद में सिबियन खुद वापस आ गया।

केरलम में बड़ा खुलासा, आरोपी को हिरासत में लिया

मसूद की ऑडियो क्लिप मिली

मुंबई में जैश-ए-मोहम्मद से जुड़ा संदिग्ध गिरफ्तार

मुंबई (एजेंसी)। मुंबई एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) ने माहिम इलाके से 33 साल के मोहम्मद हसन अबू सरमद अख्तर को गिरफ्तार किया है। उस पर आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े होने का आरोप है। आरोपी बिहार का रहने वाला है और मुंबई में रैपिडो ड्राइवर था। एटीएस के मुताबिक, आरोपी के मोबाइल फोन की जांच में भड़काऊ पोस्ट और जैश-ए-मोहम्मद सरगना मसूद अजहर की ऑडियो क्लिप मिली हैं। जांच एजेंसी उसके सोशल मीडिया अकाउंट और एक टेलीग्राम ग्रुप से जुड़ी गतिविधियों की भी जांच कर रही है। अधिकारियों के मुताबिक, आरोपी की सोशल मीडिया गतिविधियों और एक टेलीग्राम ग्रुप से जुड़े सुरागों के आधार पर मामला सामने आया। पुलिस का आरोप है कि वह सोशल मीडिया पर जैश-ए-मोहम्मद को बढ़ावा देने वाली सामग्री पोस्ट करता था।

आतंकी संगठन को बढ़ावा देने वाली सामग्री करता था पोस्ट

स्कूल में मिला 12वीं की छात्रा का जला हुआ शव

दिल्ली: आत्महत्या करने की आशंका

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली के कृष्णा नगर स्थित सर्वोदय बाल बालिका विद्यालय में शनिवार दोपहर 12वीं क्लास की एक छात्रा का शव मिला। छात्रा की उम्र करीब 18 साल है। पुलिस ने बताया कि पीसीआर कॉल के जरिए स्कूल में आग लगने की जानकारी मिली थी। इसके बाद पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची। वहां स्कूल के गार्ड रूम के पीछे छात्रा जली हुई हालत में मिली। पास में उसका स्कूल बैग भी था, जिससे तीन लेटर बरामद हुए हैं। पुलिस को आत्महत्या की आशंका है।

बैग से 3 लेटर बरामद

पेट्रोल डालकर आग लगाने का शक

छात्रा ने खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली। प्रारंभिक जांच में मामले में प्रेम प्रसंग से जुड़ा पहलू सामने आया है। हालांकि, अधिकारियों ने कहा कि आग किस चीज से लगाई गई, यह अभी स्पष्ट नहीं है। घटना की वजह का पता लगाया जा रहा है। घटनास्थल की जांच करने और सबूत जुटाने के लिए क्राइम टीम को बुलाया गया। मामले की जांच जारी है।

नेहा बोरा बोलीं- पीस बॉन्ड साइन नहीं करूंगी

नई दिल्ली (एजेंसी)। ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन की अध्यक्ष नेहा बोरा शनिवार को स्पेशल एक्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट कोर्ट पहुंची। कोर्ट ने पुलिस को नेहा बोरा के वकील को संबंधित दस्तावेज सौंपने का निर्देश दिया। कोर्ट ने उनके वकील को जवाब दाखिल करने के लिए समय भी दिया। कोर्ट में जाने से पहले नेहा ने कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना लोकतांत्रिक अधिकार है। वे 10 हजार का पीस बॉन्ड साइन नहीं करेंगी। दिल्ली हाईकोर्ट ने एक दिन पहले पुलिस के नोटिस को चुनौती देने वाली उनकी याचिका खारिज कर दी थी। उन्होंने कहा कि संविधान हमें विरोध करने का अधिकार देता है, लेकिन शांति भंग करने के नाम पर लोगों को हिरासत में लिया जाता है। पीस बॉन्ड का इस्तेमाल शांतिपूर्ण प्रदर्शन रोकने के लिए हो रहा है।

मजिस्ट्रेट कोर्ट ने जवाब दाखिल करने को दिया समय

पेलेट गन के उपयोग, महिला प्रदर्शनकारियों से बदसलूकी की होगी व्यापक जांच

जंतर-मंतर हिंसा को लेकर समिति ने मांगे जनता से सबूत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट की बनाई गई हाई पावर्ड इंक्वायरी कमेटी 29 अक्टूबर को जंतर-मंतर हिंसा की सुनवाई करेगी। पैनल पेलेट गन के इस्तेमाल और महिला प्रदर्शनकारियों से बदसलूकी के आरोपों पर सबूत दर्ज करेगा। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि सुनवाई सुबह 11 बजे से शिक्षा सदन, 17 राउज एवेन्यू इंस्टीट्यूशनल एरिया में बने पैनल ऑफिस में होगी। हिंसा से प्रभावित लोग और आम लोग दोपहर 3 बजे तक शिकायत, प्रतिवेदन या सबूत जमा कर सकेंगे। इसके लिए वैध पहचान पत्र लाना जरूरी होगा।


फाइल फोटो

हिंसा से प्रभावित लोग दर्ज करवा सकेंगे शिकायत

ऑनलाइन भी दे सकेंगे बयान

वैध पहचान पत्र लाना होगा जरूरी

पैनल इन आरोपों की करेगा जांच

कमेटी पेलेट गन के इस्तेमाल, चुनिंदा लोगों को निशाना बनाकर हिंसा और महिला प्रदर्शनकारियों से बदसलूकी की जांच करेगी। दोनों पक्षों की ओर से जरूरत से ज्यादा बल प्रयोग और संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के मामलों की भी जांच होगी। पहले अधिकारियों ने सुनवाई पहले दो दिन होने की बात कही थी। बाद में उन्होंने साफ किया कि 29 अक्टूबर को सिर्फ एक दिन की सुनवाई होगी। गौरतलब है कि काकरोच जनता पार्टी के नेतृत्व में 20 जुलाई को संसद मार्च के दौरान सुरक्षाकर्मियों और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प हुई थी, जिसमें लाठीचार्ज और आंसू गैस के साथ-साथ पैलेट गन के इस्तेमाल के गंभीर आरोप लगे थे।

सुप्रीम कोर्ट ने गठित की 5 सदस्यीय कमेटी

रिटायर्ड सुप्रीम कोर्ट जज जस्टिस आर. सुभाष रेड्डी की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय पैनल बनाया गया है। पैनल में पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस रवि शंकर झा, दिल्ली हाईकोर्ट की पूर्व जज जस्टिस शालिंदर कौर, पूर्व सीबीआई निदेशक ऋषि कुमार शुक्ला और मेघालय के रिटायर्ड डीजीपी एलआर बिश्नोई शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कई याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान यह कमेटी गठित की थी। इन याचिकाओं में आंदोलन के दौरान छात्र प्रदर्शनकारियों पर पुलिस की ज्यादती के आरोप लगाए गए थे। यह आंदोलन कॉकरोच जनता पार्टी के नेतृत्व में हुआ था। इसके साथ ही पुलिसकर्मियों के खिलाफ हिंसा के आरोप भी लगाए गए थे।

खबर संक्षेप

हनी ट्रैप केस में दिल्ली निवासी महिला गिरफ्तार

बहादुरगढ़। थाना सेक्टर-6 पुलिस टीम ने हनी ट्रैप मामले में विभिन्न कड़ियों को जोड़ते हुए दिल्ली निवासी एक महिला को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस द्वारा पहले एक नाबालिग सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।थाना प्रबंधक सत्यवीर सिंह के अनुसार बहादुरगढ़ निवासी एक व्यक्ति के कार्यालय में नौकरी के लिए पहुंची एक युवती ने उस पर छेड़खानी के आरोप लगाए थे। इसके बाद मामले में समझौता करवाने के नाम पर रुपये की मांग की गई और 13 लाख रुपये में मामला खत्म करवाने की बात कही गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपियों को 3 लाख रुपये लेते हुए मौके पर काबू किया था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से नकदी के अतिरिक्त मोबाइल फोन और वारदात में इस्तेमाल होंडा सिटी कार भी बरामद की थी। उपलब्ध तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर मामले की कड़ियों को जोड़ते हुए दिल्ली निवासी महिला की गिरफ्तारी की गई है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार महिला से पूछताछ की जा रही है।

आईटीआई की झाड़ियों में मिला गला-सड़ा शव

गोहाना। शहर में रोहतक रोड स्थित राजकीय औद्योगिक संस्थान (आईटीआई) परिसर में झाड़ियों के बीच एक युवक का गला-सड़ा शव मिला। शव करीब 10 से 15 दिन पुराना होने की आशंका है। शव की हालत इतनी खराब थी कि उस पर कीड़े चल रहे थे। मृतक की उम्र करीब 30-35 साल बताई जा रही है। उसकी पहचान नहीं हो पाई है। आइटीआई परिसर के साथ रहने वाले लोगों को बदबू आने पर संस्थान के स्टाफ को सूचित किया गया। इसके बाद चौकीदार ने पीछे की तरफ झाडिय़ों में जाकर देखा तो वहां एक युवक का शव पड़ा हुआ था। इसके बाद उसने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करके शव को कब्जे में लिया गया। मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी। शव को पोस्टमार्टम और आवश्यक कार्रवाई के लिए भगत फूल सिंह राजकीय मेडिकल कालेज के अस्पताल में भेजा गया।

बस ने बाइक को टक्कर मारी, युवक घायल

गन्नौर। कासंडी मोड़ पर हुड्डा कोच बस की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक घायल हो गया। घायल की पहचान बजाना खुर्द निवासी संजय के रूप में हुई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में संजय ने बताया कि वह अपनी एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल पर सवार होकर घर से गोहाना जा रहा था। जब वह कासंडी मोड़ पर पहुंचा तो कासंडी की तरफ से आ रही हुड्डा कोच बस के चालक ने कथित तौर पर तेज रफ्तार और लापरवाही से बस चलाते हुए उसकी मोटरसाइकिल को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह सड़क पर गिर गया और उसकी बाजू व पैर में चोटें आईं। घटना की सूचना मिलने पर उसका चाचा राहुल मौके पर पहुंचा और उसे उपचार के लिए पीजीआई खानपुर कलां लेकर गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया है।

हरियाणा में खेल प्रतिभाओं का सम्मान 30 को, भिवानी में राज्य स्तरीय समारोह

एशियाई और पैरा एशियाई पदक विजेताओं को मिलेंगे185 करोड़ रुपये के नकद इनाम

भीम स्टेडियम में सजेगा चैंपियंस का मंच, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करेंगे सम्मानित

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा की खेल नीति और खिलाड़ियों की उपलब्धियों में एक और स्वर्ण अध्याय जुड़ने जा रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा आगामी 30 अक्टूबर को भिवानी के भीम स्टेडियम में राज्य स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस समारोह में जापान में आयोजित एशियाई और पैरा एशियाई खेल-2026 के पदक विजेता एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों को नकद पुरस्कारों और सरकारी नौकरियों से सम्मानित किया जाएगा।

खेलमंत्री होंगे विशिष्ट अतिथि

कार्यक्रम की रूपरेखा की जानकारी देते हुए हरियाणा के खेल एवं युवा मामले राज्य मंत्री गौरव गौतम ने बताया कि इस समारोह के मुख्य अतिथि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी होंगे, जो अपने हाथों से खिलाड़ियों को सम्मानित करेंगे। वहीं, खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि प्रदेश सरकार खिलाड़ियों के प्रोत्साहन में कोई कमी नहीं छोड़ रही है। इस राज्य स्तरीय समारोह में 185 करोड़ रुपये के नकद पुरस्कार खिलाड़ियों के बीच वितरित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार खिलाड़ियों को नर्सरी स्तर से विकसित करने के लिए अनेक योजनाओं चला रही है, जिसके परिणाम सामने आ रहे है।

सरकारी नौकरी सुनिश्चित करेगी सरकार





गौतम ने कहा कि हरियाणा की खेल नीति आज पूरे देश में सबसे उत्कृष्ट और अनुकरणीय मानी जाती है। प्रदेश सरकार द्वारा खिलाड़ियों को मिलने वाली सुविधाएं, पारदर्शी चयन प्रक्रिया और समय पर मिलने वाले बड़े नकद पुरस्कार युवाओं को खेलों के प्रति लगातार प्रेरित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसी मजबूत खेल नीति और हमारे खिलाड़ियों के अटूट परिश्रम व पसीने का परिणाम है कि हरियाणा के खिलाड़ी ओलंपिक, विश्व चैंपियनशिप, एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों में देश के लिए सबसे ज्यादा पदक जीतते आ रहे हैं। खेल राज्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खेलो इंडिया विजन और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल मार्गदर्शन में हरियाणा का खेल ढांचा और अधिक मजबूत हुआ है। प्रदेश सरकार खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं, आधुनिक प्रशिक्षण और उज्ज्वल भविष्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

एशियाई गेम्स के पदक विजेताओं को मिलेंगे 133 करोड़

उन्होंने बताया कि एशियाई गेम्स के 134 खिलाड़ियों को लगभग 133 करोड़ रुपये के नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इन खेलों में हरियाणा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 32 पदक (14 स्वर्ण, 9 रजत और 9 कांस्य पदक) देश की झोली में डाले थे। उन्होंने बताया कि पैरा एशियाई गेम्स के 37 पैरा खिलाड़ियों को लगभग 52 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि से नवाजा जाएगा। इन खेलों में भी खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 32 पदक (9 स्वर्ण, 9 रजत और 14 कांस्य पदक) जीतकर प्रदेश और देश का नाम रोशन किया था।

पैरा खिलाड़ियों ने 31 पदक जीते अध्यक्ष आरती राव ने दी बधाई

चंडीगढ़। जापान में 18 से 24 अक्टूबर तक आयोजित एशियन पैरा गेम्स में हरियाणा के पैरा खिलाड़ियों ने अपने शानदार प्रदर्शन से इतिहास रच दिया है। भारतीय खिलाड़ियों ने इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में कुल 114 पदक जीतकर पूरे देश का नाम रोशन किया है, जिसमें हरियाणा के खिलाड़ियों ने अहम योगदान देते हुए 9 स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक सहित कुल 31 पदक हासिल किए हैं। इस ऐतिहासिक उपलब्धि ने हरियाणा को एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय खेल मानचित्र पर एक नई और मजबूत पहचान दिलाई है। इस गौरवपूर्ण प्रदर्शन पर पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ हरियाणा की अध्यक्ष आरती सिंह राव ने एशियन पैरा गेम्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी खिलाड़ियों, उनके प्रशिक्षकों, सहयोगी स्टाफ, परिवारजनों और खेल से जुड़े सभी अधिकारियों को हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हरियाणा के पैरा खिलाड़ी निरंतर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने आगे जोर देकर कहा कि यह उपलब्धि खिलाड़ियों की अटूट कड़ी मेहनत, प्रशिक्षकों के समर्पण, परिवारों के निरंतर सहयोग तथा खेल संगठनों के प्रयासों का ही सुखद परिणाम है।



सीएम की अध्यक्षता में एचपीडब्लयूपीसी की बैठक

219 करोड़ के विकास कार्यों को मिली मंजूरी



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

■ बैठक में कुल 13 एजेंडे रखे गए, जिनमें से 11 को मंजूरी दी गई, जबकि दो प्रस्ताव स्थगित रखे

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में शनिवार को चंडीगढ़ में आयोजित उच्चाधिकार प्राप्त कार्य क्रय समिति की बैठक में 219.91 करोड़ की लागत के विकास कार्यों को मंजूरी प्रदान की गई। इन कार्यों के लिए विभिन्न एजेंसियों द्वारा 233.68 करोड़ की राशि की बोली लगाई गई थी। नेगोसिएशन के माध्यम से सरकार ने 18.81 करोड़ की बचत सुनिश्चित की गई।

शहरी स्थानीय निकाय विभाग से संबंधित ठोस कचरा प्रबंधन, सड़कों के निर्माण एवं मरम्मत, जलापूर्ति, सीवरेज, जल निकासी, स्ट्रीट लाइटिंग, ग्रीन बेल्ट, पार्कों तथा अन्य शहरी आधारभूत सुविधाओं से जुड़े प्रस्तावों पर विचार किया गया। बैठक में कुल 13 एजेंडे प्रस्तुत किए गए, जिनमें से 11 को मंजूरी दी गई, जबकि दो प्रस्ताव स्थगित रखे गए। समिति ने नारनौल क्लस्टर में प्रतिदिन उत्पन्न होने वाले शहरी ठोस कचरे के प्रसंस्करण के लिए 18.70 करोड़ की परियोजना को मंजूरी दी। इस परियोजना के अंतर्गत नारनौल, महेंद्रगढ़, कनीना, नांगल चौधरी और अटेली मंडी को शामिल किया गया है।

इसके अतिरिक्त, गुरुग्राम में ठोस कचरा प्रसंस्करण परियोजना को 38.79 करोड़ की लागत पर तथा फरीदाबाद के प्रतापगढ़ गांव में इसी प्रकार की परियोजना को 17.14 करोड़ की लागत पर स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में हिसार शहर में दूध की डेयरियों को निर्धारित स्थान पर स्थानांतरित करने से संबंधित परियोजना को भी मंजूरी दी गई।

एचपीएससी चेयरमैन बन सकते हैं सतीश कुमार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

■ आयोग के डिप्टी सेक्रेटरी का नाम लगभग तय
■ 2011 बैच के एचसीएस अधिकारी के वीआरएस आवेदन को मंजूरी

हरियाणा लोक सेवा आयोग (एचपीएससी) के नए चेयरमैन के लिए आयोग के डिप्टी सेक्रेटरी सतीश कुमार सैनी का नाम लगभग तय माना जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, सरकार ने 2011 बैच के एचसीएस अधिकारी के वीआरएस आवेदन को मंजूरी दे दी है। वह शनिवार को सेवानिवृत्त हो सकते हैं,जिसके बाद उनकी नियुक्ति के आदेश जारी होने की संभावना है। आयोग के मौजूदा चेयरमैन आलोक वर्मा का कार्यकाल वीरवार को समाप्त हो गया है। सैनी फरवरी 2022 से आयोग में डिप्टी सेक्रेटरी के पद पर तैनात हैं। सोनीपत निवासी सतीश कुमार अब तक कई महत्वपूर्ण पदों पर जिम्मेदारी निभा चुके हैं। वह अब तक जीएम रोडवेज, कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज के एडिशनल डायरेक्टर, सीएम ओएसडी व एचएसवीपी के पद पर रह चुके हैं। सतीश कुमार जनवरी 2020 से फरवरी 2022 तक तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल के ओएसडी भी रह चुके हैं। इसके बाद उन्हें एचपीएससी में नियुक्त किया गया था। हालांकि, नए चेयरमैन के रूप में उनकी नियुक्ति की आधिकारिक पुष्टि आदेश जारी होने के बाद ही होगी।

कुरुक्षेत्र में आज न्याय रैली करेंगे अतिथि अध्यापक

चंडीगढ़। प्रदेश में अतिथि अध्यापकों के नियमितीकरण की मांग को लेकर आज कुरुक्षेत्र में न्याय रैली करेंगे। अतिथि अध्यापक संयुक्त संघर्ष मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण धारशूल ने कहा कि 21 वर्षों से शिक्षा विभाग में सेवाएं दे रहे 10,757 अतिथि अध्यापकों को वर्ष 2014 की तीन वर्षीय नीति के तहत नियमित किया जाए। धारशूल ने आरोप लगाया कि न्यायालय के आदेशों के बावजूद सरकार ने अतिथि अध्यापकों को बातचीत के लिए एक बार भी नहीं बुलाया। 25 मई 2026 के न्यायालय के आदेश की भावना के अनुरूप नियमितीकरण की प्रक्रिया शुरू होनी चाहिए। व्यक्तिगत सुनवाई पूरी होने के बावजूद अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। इससे शिक्षकों और उनके परिवारों के भविष्य को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता कुलदीप झरौली ने बताया कि नियमितीकरण की मांग को लेकर 21 अक्टूबर को सिरसा से न्याय यात्रा शुरू की गई थी। 25 अक्टूबर को कुरुक्षेत्र में होने वाली रैली में प्रदेशभर के अतिथि अध्यापक शामिल होंगे। रैली के बाद शिक्षक न्याय रथ के साथ पैदल मार्च करते हुए चंडीगढ़ पहुंचेंगे और राज्यपाल के समक्ष अपनी मांग रखेंगे। मोर्चा ने स्पष्ट किया कि नियमितीकरण की प्रक्रिया शुरू होने तक संघर्ष करेंगे।



■ 21 वर्षों से शिक्षा विभाग में सेवाएं दे रहे 10757 शिक्षक : धारशूल

मासूम ने हादसे में खो दिए माता-पिता और भाई हाईकोर्ट ने 11.16 लाख का मुआवजा बढ़ाया

■ सिरसा में ट्रक ने मारी थी परिवार को टक्कर



■ गृहिणी के योगदान को भी माना अनमोल, भाई की मृत्यु पर भी मिलेगी आर्थिक राहत

चंडीगढ़। महज सात साल की उम्र में जिस बच्चे के सिर से माता-पिता का साया उठ जाए और छोटा भाई भी दुनिया छोड़ दे, उसके जीवन में आए खालीपन की भरपाई कोई रकम नहीं कर सकती। लेकिन कानून का दायित्व है कि ऐसे हादसे में प्रभावित परिवार को उचित आर्थिक राहत मिले। इसी दृष्टिकोण के साथ पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले एक दंपती और उनके 13 माह के बेटे के मामले में मुआवजे की राशि बढ़ा दी है। अदालत ने स्पष्ट किया कि गृहिणी के घरेलू कार्यों को आर्थिक रूप से कमतर नहीं आंका जा सकता और कम उम्र के बच्चे की मृत्यु के मामले में भी मुआवजा मनमाने ढंग से तय नहीं किया जाना चाहिए। जस्टिस दीपक गुप्ता ने तीन अपीलों पर सुनवाई करते हुए यह आदेश जारी किया। मामला सिरसा में आठ जनवरी 2013 को हुए उस सड़क हादसे से जुड़ा है, जिसमें सुरेश कुमार, उनकी पत्नी अलका और 13 माह के बेटे करण की मृत्यु हो गई थी। ट्रक चालक की लापरवाही को दुर्घटना का कारण माना गया था। दंपती का करीब सात वर्षीय बेटा कपिल इस हादसे में जीवित बचा था। मुआवजे की राशि से असंतुष्ट होकर दायर अपीलों में हाईकोर्ट ने तीनों मामलों में राहत बढ़ाई। सुरेश कुमार नाई का काम करते थे। परिवार ने उनकी मासिक आय 10 हजार रुपये से अधिक बताई, लेकिन इसका ठोस दस्तावेजी प्रमाण नहीं था। हाईकोर्ट ने न्यायाधिकरण द्वारा निर्धारित छह हजार रुपये मासिक आय को बरकरार रखा। भविष्य में आय वृद्धि और आश्रितों के नुकसान की गणना के बाद उनकी मृत्यु पर मुआवजा 13.16 लाख से बढ़ाकर 13.59 लाख रुपये कर दिया गया। वहीं अलका गृहिणी थीं और सिलाई का काम भी करती थीं। सिलाई से सात हजार रुपये मासिक कमाई के दावे का पर्याप्त प्रमाण नहीं मिला। हालांकि, अदालत ने कहा कि गृहिणी की सेवाओं का परिवार के लिए स्पष्ट आर्थिक महत्व होता है।

दिल्ली रैली में मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने और गिरफ्तारी की मांग करेगी कांग्रेस

■ कांग्रेस प्रदेश प्रभारी और पार्टी प्रदेश अध्यक्ष की प्रेस कॉन्फ्रेंस

चंडीगढ़। हरियाणा कांग्रेस एक नवंबर को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली इंडिया गठबंधन की महारैली में प्रदेश से व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने की तैयारी में जुट गई है। कांग्रेस महारैली में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने और उनकी गिरफ्तारी की मांग उठाएगी। यह जानकारी हरियाणा कांग्रेस प्रभारी संजय दत्त और प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने चंडीगढ़ में पत्रकार वार्ता के दौरान दी।दोनों नेताओं ने कहा कि कांग्रेस का दो माह का राष्ट्रव्यापी 'वोट बचाओ–देश बचाओ' अभियान अब निर्णायक चरण में पहुंच रहा है। पार्टी इसे जिला, ब्लॉक, गांव और बूथ स्तर तक ले जाने की तैयारी कर रही है। नेताओं के अनुसार, मतदाता सूची की निष्पक्षता, चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता और प्रत्येक पात्र नागरिक के मताधिकार की रक्षा अभियान के प्रमुख मुद्दे हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान पात्र मतदाताओं के नाम हटाए जाने की आशंकाओं और सामने आई विसंगतियों को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। पार्टी का आरोप है कि मुख्य चुनाव आयुक्त के पद पर रहते निष्पक्ष तरीके से चुनाव नहीं हो सकते। उन्होंने कहा कि कांग्रेस देशभर में लोगों को एकजुट कर लोकतंत्र बचाने का काम कर रही है।



एसआईआर के विरोध में रैली के लिए एक नवंबर चुनना गंभीर सवाल खड़े करता है : नायब सैनी

■ मुख्यमंत्री बोले- 1984 के सिख-विरोधी नरसंहार के पीड़ितों को न्याय दिलाना राजनीति नहीं, हमारा कर्तव्य

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने एसआईआर (मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण) के विरोध में कांग्रेस की ओर से एक नवंबर को दिल्ली में महारैली आयोजित करने पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास रैली के लिए वर्ष के 365 दिन थे, लेकिन एक नवंबर की तारीख चुनना गंभीर सवाल खड़े करता है।

यह तारीख 1984 में दिल्ली में शुरू हुई सिख-विरोधी हिंसा की भयावह स्मृतियों से जुड़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 1984 के पीड़ितों को न्याय दिलाना राजनीति नहीं, बल्कि हमारा कर्तव्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र में हर राजनीतिक दल को अपनी बात रखने का अधिकार है और वे इसका सम्मान करते हैं। हालांकि, कांग्रेस को स्पष्ट करना चाहिए कि उसने महारैली के लिए इसी तारीख को क्यों चुना। सिख समाज के लिए यह शोक और स्मरण का दिन है। ऐसे दिन राजनीतिक आयोजन करने के फैसले पर सवाल उठना स्वाभाविक है। यदि यह महज संयोग है, तो कांग्रेस को अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए और सिख समाज की भावनाओं के प्रति संवेदनशीलता दिखानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2015 में विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन कर 1984 के बंद पड़े मामलों की दोबारा जांच का रास्ता खोला गया। इसी प्रक्रिया के तहत कांग्रेस नेता सज्जन कुमार को उम्रकैद की सजा हुई।

बिजली संकट से नुकसान पर जवाब दे सरकार : इनेलो

चंडीगढ़। इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय चौटाला ने एचईआरसी द्वारा प्राइवेट कंपनी को समानांतर लाइसेंस देने पर सरकार को घेरते हुए कहा कि पूरे मामले पर श्वेत पत्र जारी करे सरकार। दो दिन बिजली न मिलने के कारण हजारों करोड़ का नुकसान हो गया, दो दिन तक घरों में बिजली न मिलने और पानी न मिलने से जनता कितनी परेशान हुई, किसान कितने परेशान हुए, बिजली कर्मचारियों को जेल में डाला गया, नॉन टेक्निकल पटवारी और अध्यापकों की ड्यूटी बिजली व्यवस्था को संभालने के लिए लगा कर उनकी जान जोखिम में डाली गई, इन सबकी जिम्मेवारी कौन लेगा।

परिवहन मंत्री विज से लगाई निजी बस संचालकों ने गुहार

किराया नहीं बढ़ा तो 2,000 निजी बसों के परमिट लौटाएंगे संचालक

■ डीजल से लेकर बीमा और टायर तक की लागत बढ़ने से आर्थिक संकट का दावा

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा में निजी बस संचालकों ने छह साल से यात्री किराये में बढ़ोतरी नहीं होने पर सरकार से राहत की मांग की है। स्टेज कैरिज ट्रांसपोर्ट सोसाइटीज एंड प्राइवेट बस ऑपरेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और परिवहन मंत्री अनिल विज से बसों का किराया महंगाई के अनुरूप बढ़ाने की मांग की है। एसोसिएशन का कहना है कि डीजल, बीमा, टायर, स्पेयर पार्ट्स और कर्मचारियों के वेतन पर खर्च लगातार बढ़ रहा है, जबकि यात्री किराया 15 मई 2020 के बाद से संशोधित नहीं हुआ है। संचालकों ने चेतावनी दी है कि जल्द राहत नहीं मिली तो वे करीब 2,000 बसों के परमिट सरकार को सौंपने पर विचार कर सकते हैं। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. धन सिंह, उपाध्यक्ष रमेश कुमार, महासचिव विजय राणा और अन्य पदाधिकारियों के अनुसार, इस संबंध में परिवहन मंत्री और विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को ज्ञापन भेजे गए हैं। एसोसिएशन का कहना है कि निजी बस संचालक लगातार बढ़ती परिचालन लागत के कारण आर्थिक दबाव झेल रहे हैं।

करीब दो रुपये प्रति किलोमीटर किराये की मांग

डॉ. धन सिंह ने बताया कि वर्ष 2020 में जब किराया बढ़ाने की प्रक्रिया शुरू हुई थी, उस समय डीजल का भाव करीब 52 रुपये प्रति लीटर था। बाद में डीजल की कीमत बढ़कर करीब 62 रुपये प्रति लीटर होने पर एक रुपये प्रति किलोमीटर की वृद्धि की गई थी। इसके बाद पिछले छह वर्षों में किराये में कोई संशोधन नहीं हुआ। एसोसिएशन ने वर्ष 1993 में निर्धारित 22 पैसे प्रति किलोमीटर की दर को मौजूदा महंगाई के अनुरूप समायोजित करने की मांग की है। उसके आकलन के अनुसार, किराये की दर करीब दो रुपये प्रति किलोमीटर होनी चाहिए। एसोसिएशन का कहना है कि जब न्यूनतम मजदूरी, टोल दरों, बीमा, टायर और अन्य जरूरी सामान की कीमतों में समय-समय पर बढ़ोतरी होती है, तो यात्री किराये को भी महंगाई के अनुरूप संशोधित किया जाना चाहिए। संचालकों ने किराये में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित वृद्धि और हर वर्ष स्वचालित संशोधन की व्यवस्था लागू करने की मांग की है।

सूरजकुंड दिवाली मेले में कंवर ग्रेवाल ने बांधा समां, तालियों से गूंजा परिसर



फरीदाबाद। हरियाणा पर्यटन विभाग द्वारा आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी मेला की थीम पर आधारित तृतीय सूरजकुंड दिवाली मेले की मुख्य चौपाल पर देर सांय प्रसिद्ध सूफी गायक कंवर ग्रेवाल ने अपनी शानदार गायकी से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। उनकी दमदार आवाज, सूफियाना अंदाज और पंजाबी संगीत की शानदार प्रस्तुति ने पूरे माहौल को संगीतमय बना दिया। जैसे ही उन्होंने अपनी गायकी का जादू बिखेरना शुरू किया, मुख्य चौपाल पर मौजूद दर्शक तालियों और उत्साह के साथ उनके गीतों का आनंद लेने लगे। सूफी गायक कंवर ग्रेवाल ने अपनी गायकी के माध्यम से पंजाबी लोक संगीत और सूफी परंपरा की खूबसूरती को प्रस्तुत किया। उनकी प्रस्तुति में प्रेम, आध्यात्मिकता, मानवीय संवेदनाओं और पंजाब की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की झलक देखने को मिली। उनके लोकप्रिय गीतों सामने होवे यार तो नाचना पैंदा है, मस्त बना देंगे बीबा, इश्क बुल्ले नु नचावे, छल्ला और मस्त कलंदर जैसे सूफियाना संगीत की रंगत ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

उत्तर रेलवे

ई–नीलामी सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला कैंट भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए उत्तर रेलवे के अंबाला मंडल के रेलवे स्टेशनों पर अनुबंधों के आवंटन के लिए IREPS वेबसाइट पर ई–ऑक्शन के माध्यम से बोलियां आमंत्रित करते हैं।

लॉट संख्या	विवरण	नीलामी प्रारंभ तिथि/ समय
ADVT-UMB-BTI-OH-39-22-2	बठिंडा में होर्डिंग/ यूनिपोल के प्रदर्शन हेतु थोक वाणिज्यिक विज्ञापन अनुबंध, जिसका कुल क्षेत्रफल 720 वर्ग फुट है।	02.11.2026 12.00.00 hrs
ADVT-UMB-UMB-OSD-393-26-1	अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर 86 इंच क्षेत्रफल वाली 01 एलईडी स्क्रीन के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन अधिकार (डिजिटल) तीन वर्ष की अवधि के लिए।	02.11.2026 12.00.00 hrs
ADVT-UMB-BTI-OSD-391-26-1	बठिंडा रेलवे स्टेशन पर 10' x 8' अर्थात 80 वर्ग फुट क्षेत्रफल वाली 01 वीडियो वॉल के माध्यम से तीन वर्ष की अवधि के लिए वाणिज्यिक विज्ञापन अधिकार (डिजिटल)।	02.11.2026 12.00.00 hrs
ADVT-UMB-KLK-OSN-380-26-1	कालका (KLK) रेलवे स्टेशन पर 24 इंच व्यास वाले 22 नॉन–डिजिटल गोलाकार विज्ञापन बोर्डों तथा प्रत्येक 2.5 मीटर x 1 मीटर आकार अर्थात प्रत्येक का क्षेत्रफल 2.5 वर्ग मीटर वाले 4 बोर्डों से युक्त नॉन–डिजिटल आर.डी.एन. के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन हेतु स्थान।	02.11.2026 12.00.00 hrs
ADVT-UMB-BTI-OSN-377-26-1	बठिंडा रेलवे स्टेशन पर नॉन–डिजिटल आर. डी. एन. के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन हेतु 1014 वर्ग फुट स्थान (स्थल योजना के अनुसार)।	02.11.2026 12.00.00 hrs
ADVT-UMB-SIR-OSN-379-26-1	खन्ना (KNN) रेलवे स्टेशन पर 24 इंच व्यास वाले 14 नॉन–डिजिटल गोलाकार विज्ञापन बोर्डों तथा सरहिंद (SIR) रेलवे स्टेशन पर 18 इंच व्यास वाले 20 नॉन–डिजिटल गोलाकार विज्ञापन बोर्डों से युक्त नॉन–डिजिटल आर.डी.एन. के माध्यम वाणिज्यिक विज्ञापन हेतु स्थान (स्थल योजना के अनुसार)।	02.11.2026 12.00.00 hrs
ADVT-UMB-KDZ-OSN-376-26-1	नैरो गेज (कालका–शिमला) खंड पर कंडाघाट (240 वर्ग फुट), तारादेवी (300 वर्ग फुट), सालोगढ़ा (240 वर्ग फुट), कैथलीघाट (480 वर्ग फुट), शोधी (240 वर्ग फुट) रेलवे स्टेशनों पर नॉन–डिजिटल आर.डी.एन. के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन हेतु स्थान (स्थल योजना के अनुसार)।	02.11.2026 12.00.00 hrs
ADVT-UMB-YJUD-OSN-375-26-1	यमुनानगर जगाधरी रेलवे स्टेशन पर नॉन–डिजिटल आर.डी.एन. के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन हेतु 720 वर्ग फुट स्थान (स्थल योजना के अनुसार)।	05.11.2026 12.00.00 hrs
ADVT-UMB-JUDW-OSN-374-26-1	जगाधरी वर्कशॉप रेलवे स्टेशन पर नॉन–डिजिटल आर.डी.एन. के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन हेतु 360 वर्ग फुट स्थान (स्थल योजना के अनुसार)।	05.11.2026 12.00.00 hrs

नीलामी/ लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु रेलवे वेब साईट www.ireps.gov.in पर जाये।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3707/2026

गृह मंत्रालय
भारत सरकार
जय हो उन वीरों की
जिन्होंने हराया
नक्सलवाद
आंतरिक सुरक्षा बलों का सम्मान
राष्ट्रीय एकता दिवस
31 अक्टूबर, 2026
एकता नगर, गुजरात
एक ही जगह देखें, एकता के रंग अनेक
भारत पर्व
1 से 15 नवंबर, 2026
एकता नगर, गुजरात
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
राष्ट्रीय एकता दिवस
31 अक्टूबर 2026
जानकारी और ठहरने की बुकिंग के लिए स्कैन करें या विज़िट करें rashtriyaektadiwas.com
CBC 19101/13/0018/2627

खबर संक्षेप

खेत में पानी देते किसान की करंट लगने से मौत

जींद। गांव खटकड़ के खेत में पानी देने गए किसान की करंट लगने से मौत हो गई। उचाना थाना पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। गांव खटकड़ निवासी राजेश (48) शनिवार को खेत में पानी देने गया था। ट्यूबवेल से पानी देते समय वह करंट की चपेट में आ गया। परिजनों द्वारा उसे नागरिक अस्पताल लाया गया, जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के बेटे साहिल ने बताया कि पिता शनिवार सुबह खेत में पानी देने गए थे। उसी दौरान वह करंट की चपेट में आ गए।



4.15 करोड़ रुपये की हेरोइन मामले में आरोपी गिरफ्तार

नूंह। जिले में 4.15 करोड़ रुपये की हेरोइन बरामदगी के मामले में अपराध अनुसंधान शाखा (सीआईए) तावडू ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान समीम उर्फ काला निवासी नानुका के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर रिमांड हासिल किया। इस मामले में अब तक चार आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। पुलिस का कहना है कि रिमांड के दौरान पूछताछ कर नशे की सप्लाई से जुड़े अन्य लोगों और तस्करी नेटवर्क का पता लगाने का प्रयास किया जाएगा। 19 सितंबर को सीआईए तावडू की टीम ने रंगाला घाटी के पास कार्रवाई करते हुए एक काली क्रेटा गाड़ी से 2 किलो 125 ग्राम हेरोइन बरामद की थी। पुलिस ने बरामद हेरोइन की कीमत करीब 4.15 करोड़ रुपये बताई थी।

घर से 32 किलोग्राम प्रतिबंधित पटाखे बरामद किए, एक गिरफ्तार

फरीदाबाद। अवैध रूप से पटाखों की बिक्री करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा सेक्टर-48 की टीम ने एनआईटी-1 में सचिन भाटिया के घर से 32 किलोग्राम प्रतिबंधित पटाखों से भरे कट्टे बरामद किए हैं। पुलिस ने मौके से सचिन निवासी एनआईटी 1 कोतवाली फरीदाबाद को काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, अपराध शाखा सेक्टर-48 की टीम को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि एनआईटी-1 में सचिन अवैध रूप से पटाखे बेचने का काम करता है तथा उसने बिक्री के लिए अपने घर में पटाखों से भरे प्लास्टिक कट्टे रखे हुए हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर सचिन को काबू किया। घर के अंदर रखे प्लास्टिक कट्टों की जांच करने पर उनमें रॉकेट बम, सुतली बम, मुर्गा पटाखे आदि बरामद किए गए।

लाडवा के युवक की करनाल में हत्या, दोस्त पर शक

दो बहनों के इकलौते भाई को दौड़ा-दौड़ाकर चाकुओं से गोदा



दोस्त के साथ उसकी मौसी के घर जा रहा था युवक, रास्ते में 4-5 बदमाशों ने घेरा



करनाल। घटनास्थल पर परिजनों से जानकारी लेती पुलिस।

हरिभूमि न्यूज लाडवा/करनाल

विदेश जाकर अपना भविष्य संवारने और परिवार की आर्थिक स्थिति बेहतर बनाने के सपने देख रहे लाडवा निवासी अमन सैनी की करनाल में चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी गई। दो बहनों का इकलौता भाई अमन परिवार की उम्मीदों का सहारा था, लेकिन हमलावरों ने उसकी जिंदगी छीनकर पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया। बेटे की हत्या की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई।

पिता राजकुमार सैनी लाडवा में साइकिल रिपेयरिंग की दुकान चलाकर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। अमन की एक बहन की शादी हो चुकी है, जबकि दूसरी अभी अविवाहित है। परिवार को उम्मीद थी कि अमन विदेश जाकर अपने भविष्य के साथ-साथ घर की जिम्मेदारियों को भी संभालेगा, लेकिन इस वारदात ने परिवार के सपनों को चकनाचूर कर दिया।

जानकारी के अनुसार, लाडवा निवासी राजकुमार सैनी का बेटा अमन सैनी अपने दोस्त रमन के साथ करनाल गया था। दोनों-दोस्त अस्पताल में भर्ती रमन की मौसी के बेटे को देखने पहुंचे थे। इसके बाद रमन अमन को अपनी मौसी के घर न्यू बहादुर चंद कॉलोनी स्थित न्यू वाल्मीकि बस्ती में ले जा रहा था। रात करीब 11 बजे जब दोनों बाला जी मंदिर के पास पहुंचे तो वहां पहले से घात लगाकर बैठे चार से पांच युवकों ने उन्हें घेर लिया। आरोप है कि हमलावरों ने बिना किसी बहस के अचानक अमन पर चाकुओं से ताबड़तोड़ वार करने शुरू कर दिए। जान बचाने के लिए अमन सैनी ने वहां से भागने की कोशिश की, लेकिन हमलावरों ने उसका पीछा किया और लगातार वार करते रहे। गंभीर रूप से घायल अमन सड़क पर गिर पड़ा। वारदात के दौरान उसके साथ मौजूद दोस्त रमन को हमलावरों ने कोई चोट नहीं पहुंचाई। आरोपी वारदात को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गए। इसके बाद रमन ने पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और खून से लथपथ अमन को उपचार के लिए करनाल के सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन भी अस्पताल पहुंचे। जवान बेटे की मौत से पिता राजकुमार सैनी और परिवार के अन्य सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। जिस बेटे से परिवार को भविष्य में सहारा मिलने की उम्मीद थी, उसकी असमय मौत ने परिवार को कभी न भरने वाला जख्म दे दिया।

पेट सहित कई हिस्सों में चाकू के घाव

पिता राजकुमार के अनुसार अमन उनका इकलौता बेटा था और उसकी दो छोटी बहनें हैं। वह विदेश जाने की तैयारी कर रहा था। पिता ने अमन के साथ मौजूद रमन पर भी हत्या में शामिल होने का आरोप लगाया है। शिकायत में शिवा निवासी न्यू बहादुर चंद कॉलोनी, कृष्ण गांधी, राधे और 2-3 अन्य युवकों पर हमला करने का आरोप लगाया गया है। पिता के अनुसार अमन के पेट सहित शरीर के कई हिस्सों पर चाकुओं के निशान थे। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। थाना शहर पुलिस और एफएसएल टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज के शवगृह में रखवाया गया।

पानीपत में भाजपा नेता व उद्यमी की ट्रेन से कटकर मौत

पानीपत (हरिभूमि न्यूज)। पानीपत में बाबरपुर रेलवे लाइन के पास ट्रेन की चपेट में आने से 65 वर्षीय फहीमुद्दीन सैफी निवासी एल्डिको एस्टेट वन, पानीपत की मौत हो गई। सैफी उद्यमी व भाजपा के सक्रिय नेता थे। सैफी गुरुवार शाम को घर से निकले थे। शुक्रवार सुबह उनका शव रेलवे लाइन के पास मिला। घटना की सूचना मिलने पर जीआरपी थाना पानीपत मौके पर पहुंची और जांच की। पुलिस ने जांच के बाद सैफी के परिवार को इस दर्दनाक घटना की सूचना दी और शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भिजवा दिया। जीआरपी सैफी की मौत के मामले की जांच कर रही है।

एनओसी पर हस्ताक्षर के बदले सरपंच 50 हजार लेते गिरफ्तार

■ चौधरीवास गांव में दाल मिल मालिक से मांगी थी रिश्वत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की हांसी यूनिट ने जिले के गांव चौधरीवास के सरपंच अशोक कुमार को 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। आरोप है कि सरपंच ने गांव में स्थित शिकायतकर्ता की दाल मिल की एनओसी पर हस्ताक्षर करने के बदले रिश्वत की मांग की थी।

एसीबी को मिली शिकायत के अनुसार, गांव चौधरीवास में शिकायतकर्ता नवीन गर्ग की दाल मिल है। नवीन के अनुसार, दाल मिल की एनओसी पर हस्ताक्षर करने के बदले सरपंच अशोक कुमार 50 हजार रुपये मांग रहा है। शिकायत मिलने पर एसीबी की हांसी यूनिट ने इंस्पेक्टर नरेन्द्र के नेतृत्व में जाल बिछाया। टीम में एएसआई हनुमान, एएसआई वीरेन्द्र, एएसआई सुनील, हवलदार परमानंद व सिपाही अजय शामिल थे। जैसे ही सरपंच अशोक कुमार ने शिकायतकर्ता नवीन से 50 हजार रुपये लिए तो एसीबी की टीम ने इशारा पाते ही सरपंच अशोक कुमार को रंगेहाथ दबोच लिया। इस संबंध में राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, हिसार थाना में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 के तहत केस दर्ज किया है।

पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़

2 आरोपियों के पैर में मारी गोली

■ लूट व चोरी की वारदातों में वांछित आरोपियों ने चाकू मारकर एक पुलिसकर्मी को भी घायल किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंचकूला



पंचकूला। मुठभेड़ के बाद मौके पर पड़ा आरोपियों का चाकू। *फोटो : हरिभूमि*

पुलिस और बदमाशों के बीच शनिवार देर शाम मुठभेड़ का मामला सामने आया है। पुलिस की कार्रवाई के दौरान दो आरोपियों के पैरों में गोली लगी, जबकि बदमाशों ने एक पुलिसकर्मी पर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया। पुलिस ने तीन आरोपियों को काबू कर लिया है।

तीनों आरोपियों की पहचान 23 वर्षीय दीपक उर्फ गोलू, 27 वर्षीय अमितेश उर्फ मोनू और 25 वर्षीय लखविंदर सिर्फ मोनू के रूप में हुई है। तीनों आरोपी कुरुक्षेत्र जिले के रहने वाले हैं। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल 2 देसी कट्टे और 1 बाइक भी बरामद कर ली है। जानकारी के मुताबिक, तीनों आरोपी पंचकूला के रायपुर रानी क्षेत्र में हुई लूट और चोरी की वारदातों में कथित रूप से शामिल थे।

पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी दोबारा वारदात को अंजाम देने के इरादे से इलाके में आने वाले हैं। इसके बाद घेराबंदी कर मुठभेड़ के बाद उन्हें काबू कर लिया गया। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भेजा गया है।

फरीदाबाद में डंपिंग यार्ड बनाने का विरोध

धरना उठाने गई पुलिस पर पथराव, चार घायल



फरीदाबाद। पुलिस पर पथराव करते हुए ग्रामीण।

■ 11 दिन से धरना दे रहे थे ग्रामीण, पुलिस ने टेंट उखाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

गांव भांखरी के समीप अरावली की पहाड़ियों में पुलिस और ग्रामीणों के बीच शनिवार दोपहर झड़प हो गई। भाखरी गांव में डंपिंग यार्ड बनाए जाने के विरोध में धरने पर बैठे ग्रामीणों, सैनिक कॉलोनी, अचीवर सोसायटी व अन्य सोसायटी वासियों को पुलिस ने जबरन उठाना शुरू कर दिया। धरना खत्म होता देख ग्रामीणों ने पथराव कर दिया। महिलाएं सड़क पर लठ लेकर कुर्सी डालकर बैठ गईं। स्थिति बिगड़ने पर अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया। फोर्स ने महिला प्रदर्शनकारियों को भी मौके से खदेड़ दिया। हंगामा बढ़ने पर उन्हें पुलिस वैन में बैठा लिया। जेसीबी की मदद से धरनास्थल पर लगा टेंट भी हटा दिया गया। पथराव के दौरान 4 पुलिस कर्मचारियों को हल्की चोट आई है। पुलिस ने 20 लोगों को डिटेन किया है। बता दें कि अरावली एरिया में बसे भाखरी गांव में नगर निगम की ओर से डंपिंग यार्ड बनाया जा रहा है। इसके विरोध में 11 दिन से ग्रामीण धरना दे रहे हैं।

छात्र से मारपीट पर अकेडमी संचालक व प्राचार्या गिरफ्तार

जींद। शहर थाना पुलिस ने नाबालिग छात्र की बेरहमी से पिटाई करने के आरोपित अकेडमी संचालक तथा प्राचार्या को गिरफ्तार किया है। गुरुग्राम निवासी आराधाना देवी ने गत 19 अक्टूबर को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसका नाबालिग बेटा पिछले चार साल से रोहतक रोड की डीएसएल अकेडमी में पढ़ता है। छह अक्टूबर को अकेडमी के संचालक दीपक लाठर ने उसके बेटे को छोटी सी गलती पर कान पर 12 थप्पड़ जड़े तथा 15 कोहनी कमर में मारी। कान पर मारने के कारण उसके बेटे के कान का पर्दा फट गया। जिसके बाद बेटे ने प्राचार्य प्रिया को दर्द की बात बताई, लेकिन उसका सही इलाज नहीं करवाया गया। तीसरे दिन उसके बेटे को अस्पताल ले जाया गया। इससे आहत होकर उसने अपने बेटे की दसवीं की मार्कशीट मांगी, जिस पर प्राचार्य ने डेढ़ लाख रुपये की डिमांड की। रोहतक रोड चौकी प्रभारी अमित ने बताया कि नाबालिग छात्र के साथ मारपीट करने के आरोपित अकेडमी संचालक तथा प्राचार्य को गिरफ्तार कर लिया है।

ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आने से भाई बहन की मौत, मां-बेटा हुए घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जगाधरी में सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल के सामने शनिवार शाम मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आने से एक्टिवा सवार भाई-बहन की मौत हो गई। वहीं, उनकी मां और चार साल का भाई घायल हो गए। पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली के कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी।



मौके पर जांच करती पुलिस।

गांव सुघ निवासी मुरसिबा एक्टिवा पर बेटी महक (16), बेटे अरहम (6) व चार वर्षीय आहान के साथ एक्टिवा पर बाजार में खरीदारी करने के लिए घर से निकली थी। इस दौरान एक्टिवा महक चला रही थी। रास्ते में ट्रैक्टर ट्राली ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगने से महक और अरहम की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि मुरसिबा और आहान घायल हो गए।

चालान से बचने को भाग रही पिकअप ने बाइक को मारी टक्कर, पीछे आए डंपर ने महिला को कुचला

■ पांच वर्षीय बच्चा भी हादसे में हुआ घायल, लोगों ने पुलिस की चालान कार्रवाई पर उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नूंह

जिले के दिल्ली - अलवर रोड पर थाना नगीना क्षेत्र में शनिवार को मांडीखेड़ा गांव के पास पुलिस के चालान से बचने के प्रयास में तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक सवार परिवार को टक्कर मार दी। इससे बाइक असंतुलित हो गई और पीछे से आ रहे डंपर की चपेट में आने से एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 5 वर्षीय बच्चा घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मांडीखेड़ा के पास पुलिस की टीम चालान कर रही थी। एक डंपर के पीछे चल रही पिकअप को पुलिस ने रुकने का इशारा किया, लेकिन चालक ने बचने के लिए गाड़ी तेज दौड़ा दी और आगे चल रही बाइक में टक्कर मार दी। इसमें बाइक सवार महिला सड़क पर गिर गई, तभी पीछे से आ रहे डंपर ने उसे कुचल दिया। घायल बच्चे की पहचान 5 वर्षीय रुहान के रूप में हुई है, जबकि मृतक महिला की पहचान 35 वर्षीय रसमीना पत्नी अय्यूब के रूप में हुई है। बताया गया कि वह अपने ससुर सद्दीक के साथ बाइक पर मढ़ी गांव से बदोपुर फिरोजपुर झिरका जा रही थी।

आरटीआई में देरी पर दो बीडीपीओ पर 50 हजार का जुर्माना

रेवाड़ी। आरटीआई के तहत मांगी गई जानकारी निर्धारित समय में उपलब्ध नहीं कराने के मामले में हरियाणा राज्य सूचना आयोग ने धारूहेड़ा के दो तत्कालीन बीडीपीओ पर जुर्माना लगाने के आदेश दिए हैं। राज्य सूचना आयुक्त डॉ. अजय कुमार सूरा ने बीडीपीओ वीरेंद्र और विशाल भारद्वाज पर 25-25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। गांव डूंगरवास निवासी चंद्र प्रकाश की ओर से 11 फरवरी 2020 को आरटीआई लगाई गई थी, जिसके बाद निर्धारित समय में जानकारी नहीं मिलने पर मामला दूसरी अपील तक पहुंच गया। आयोग ने 8 अप्रैल 2021 को संबंधित एसपीआईओ को पूरी जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे। आदेश का पालन नहीं होने पर 2 जनवरी 2024 को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया, लेकिन अधिकारियों ने जवाब दाखिल नहीं किया। सुनवाई के दौरान चंद्र प्रकाश ने जानकारी मिलने की पुष्टि की, लेकिन उसे अधूरा बताते हुए कार्रवाई की मांग की। इस पर आयोग ने बीडीपीओ पर जुर्माना लगाया है।

जीवन अस्पताल में डॉक्टरों ने गर्भवती को दी थी 15 दिन बाद की तारीख

चलती रोडवेज बस में ही गर्भवती ने बेटे को दिया जन्म

■ गर्भवती को लेबर पेन होने पर चालक ने बस सीएचसी की ओर मोड़ी, लेकिन रास्ते में ही हुई डिलीवरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नूंह

बस में महिलाओं की मदद से हुई डिलीवरी, जच्चा-बच्चा दोनों हैं स्वस्थ

स्वास्थ्य केंद्र पहुंचने से पहले ही रात 8 बजे सुमैय्या ने बस में बेटे को जन्म दे दिया। इस दौरान बस में मौजूद महिलाओं ने उसकी मदद की। इसके बाद ड्राइवर कासम बस को स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचा, जहां मां और नवजात को भर्ती कर प्राथमिक उपचार दिया गया। फिरोजपुर झिरका सीएचसी के एडिशनल एसएमओ डॉ. आदित्य यादव ने बताया कि शुक्रवार देर शाम बस में महिला की डिलीवरी हुई थी। बेहतर इलाज के लिए रात करीब एक बजे दोनों को अल आफिया अस्पताल, मांडी खेड़ा रेफर कर दिया गया।



अस्पताल से चेकअप करवाकर लौट रही एक गर्भवती महिला ने चलती रोडवेज बस में ही बेटे को जन्म दिया। महिला अपने पति के साथ अस्पताल में जांच करवाने के लिए गई थी। दंपती का दावा है कि डॉक्टरों ने डिलीवरी में 15 दिन बाकी होने की बात कहकर उन्हें वापस घर भेज दिय। इसके बाद वे रोडवेज बस से अपने गांव लौट रहे थे। रास्ते में महिला को लेबर पेन होने लगा। पति ने इसकी जानकारी कंडक्टर को दी। इसके बाद ड्राइवर बस को अस्पताल की ओर ले जाने लगा, लेकिन रास्ते में ही महिला ने बेटे को जन्म दे दिया। इस दौरान बस में मौजूद अन्य महिलाओं ने उसकी मदद की। इसके बाद बस को फिरोजपुर झिरका के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद मां और नवजात को बेहतर इलाज के लिए अल आफिया अस्पताल, मांडी खेड़ा रेफर कर दिया गया।

फिरोजपुर झिरका के वार्ड नंबर-7 निवासी शोएब खान ने बताया कि वह शुक्रवार सुबह अपनी गर्भवती पत्नी सुमैय्या को जांच के लिए अलवर स्थित सानिया अस्पताल लेकर गया था। वहां जांच और अल्ट्रासाउंड के बाद डॉक्टरों ने बताया कि डिलीवरी में अभी करीब 15 दिन का समय है। इसके बाद दवाइयां देकर दंपती को घर लौटने की सलाह दी गई। शोएब ने आगे बताया कि रात को अलवर से लौटते समय रामगढ़ पार करने के बाद सुमैय्या को अचानक तेज दर्द होने लगा। नौगांवा पहुंचने तक उसकी हालत को लेकर चिंता बढ़ गई। उसने बस कंडक्टर को इसकी जानकारी दी। इसके बाद ड्राइवर कासम ने बिना देर किए बस को फिरोजपुर झिरका स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ओर मोड़ दिया।

दंपती की पहली संतान

बच्चे के पिता शोएब ने बताया कि यह उनकी पहली संतान है। उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी का इलाज अलवर के अस्पताल में चल रहा था। गांव माहोली के पूर्व सरपंच प्रत्याशी अरशद एडवोकेट ने संकट के समय तत्परता दिखाने के लिए बस ड्राइवर कासम और कंडक्टर की सराहना की व उन्हें सम्मानित करने की मांग की।

नशीले पदार्थों की तस्करी में लिप्त 3 आरोपियों की करोड़ों की संपत्ति अटैच

■ पेट्रोल पंप और करीब नौ एकड़ जमीन भी शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र पुलिस द्वारा नशीले पदार्थों की तस्करी पर नकेल कसते हुए प्रभावी कारवाई की गई है। पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन के कुशल मार्गदर्शन में कुरुक्षेत्र पुलिस ने नशा तस्करों पर नकेल कसते हुए नशीले पदार्थों की तस्करी में संलिप्त तीन आरोपियों की करोड़ों की संपत्ति को अटैच करवाया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जिला कुरुक्षेत्र में दर्ज नशीले पदार्थों के मामलों में संलिप्त आरोपी सुखविन्द्र सिंह, हरविन्द्र सिंह व जशनपाल सिंह वासी तलहेड़ी, जिला कुरुक्षेत्र की करोड़ों की संपत्ति अटैच करवाई गई है। इसके लिए दिल्ली कॉम्पिटेंट अथॉरिटी को लिखा गया था। कॉम्पिटेंट अथॉरिटी द्वारा कार्रवाई करते हुए आरोपियों की एक महिंद्रा एक्सयूवी गाड़ी, एक पेट्रोल पंप, एक बिल्डिंग, 20 लाख 90 हजार रुपये नकद, 82 लाख 36 हजार 56 रुपये कीमत का सोना, 1508 रुपये कीमत की चांदी और 9 एकड़ 4 कनाल भूमि को फ्रीज किया गया है जिनकी बाजार में कीमत करोड़ों रुपये में है। आरोपी सुखविन्द्र सिंह वासी तलहेड़ी के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के 2 मुकदमे दर्ज हैं।

आरोपी हरविन्द्र सिंह के खिलाफ जिला कुरुक्षेत्र के थाना इस्माईलाबाद में नशीले पदार्थों की तस्करी के 2 मामले दर्ज हैं। आरोपी जशनपाल सिंह के खिलाफ एक मामला दर्ज है। आरोपियों ने नशीले पदार्थों की तस्करी से करोड़ों रुपये की अवैध संपत्ति जुटा रखी है।

बड़े नशा तस्करों पर जारी रहेगी यह कार्रवाई

पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन ने कहा कि नशीले पदार्थों की तस्करी में संलिप्त अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा। नशे के कारोबारियों की तलाश करके इस तरह की कारवाई आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी आरोपी से व्यवसायिक मात्रा में नशीला पदार्थ बरामद होता है तो उसके खिलाफ इस तरह की कारवाई की जाएगी।

पीएम मोदी ने मैसूर में स्वामी विवेकानंद सांस्कृतिक युवा केंद्र का किया उद्घाटन

यह स्वामी विवेकानंद के विचारों, युवाओं के सशक्तिकरण और भारत की आध्यात्मिक-सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देगा, युवाओं को मिलेगी प्रेरणा

एजेंसी ▶▶ मैसूरु

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कर्नाटक के मैसूरु स्थित श्री रामकृष्ण आश्रम में स्वामी विवेकानंद सांस्कृतिक युवा केंद्र विवेक स्मारक का उद्घाटन किया। यह स्मारक स्वामी विवेकानंद के विचारों, युवाओं के सशक्तिकरण और भारत की आध्यात्मिक-सांस्कृतिक विरासत को समर्पित एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में प्रेरणा देगा। पीएम मोदी ने कहा कि भारत की अनादि सांस्कृतिक चेतना का केंद्र रहा है, यहां के मंदिर, परंपराएं और उत्सव, मैसूरू का दशहरा, भव्य महल, संगीत और साहित्य-भारत की समृद्ध विरासत इस शहर के कण-कण में रची-बसी है।



प्रधानमंत्री को स्मृति चिन्ह प्रदान करते संतजन

हम मिशन को विस्तार दे रहे पूजार्चन भी किया

पीएम मोदी ने कहा कि आज स्वामी विवेकानंद कल्चरल यूथ सेंटर, यानी 'विवेक स्मारक' के उद्घाटन के माध्यम से हम इस मिशन को नया विस्तार दे रहे हैं। मैं श्री रामकृष्ण आश्रम और इससे जुड़े सभी संतों, विद्वानों तथा कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई देता हूं। प्रधानमंत्री ने विवेकानंद स्मारक पर आधारित विशेष फिल्म देखी और रामकृष्ण परमहंस, मां शारदा देवी तथा स्वामी विवेकानंद को श्रद्धांजलि दी। भगवान शिव मंदिर में पूजा-अर्चना कर समृद्ध आध्यात्मिक, सांस्कृतिक विरासत को नमन किया।

प्रधानमंत्री आज वाराणसी में देखेंगे एयर शो, इसके बाद जाएंगे ओडिशा

प्रधानमंत्री रविवार को उत्तर प्रदेश और ओडिशा के दौरे पर जाएंगे। वे वाराणसी में वायुसेना दिवस के मौके पर होने वाला हवाई प्रदर्शन देखेंगे और भुवनेश्वर में आरबीआई के डेटा सेंटर तथा साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री वाराणसी में अरविंद लिमिटेड की नई परिधान निर्माण इकाई का उद्घाटन करेंगे।

गृह मंत्री शाह ने की कानून व्यवस्था की समीक्षा

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह राष्ट्रीय राजधानी में कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा करने के लिए शनिवार दोपहर दिल्ली पुलिस मुख्यालय पहुंचे। शाह की वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में कॉकरोच जनता पार्टी के हालिया विरोध प्रदर्शनों, मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई, विदेश से गिरोह चलाने वाले अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई और महिलाओं के विरुद्ध अपराध जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई।



रांची पहुंचे नवीन ने राहुल को घेरा

सड़क से सदन तक देंगे जवाब देश में अराजकता की जगह नहीं



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल संवैधानिक संस्थाओं का अपमान कर रहे हैं। देश में अराजकता के लिए कोई जगह नहीं है। सड़क से संसद तक जवाब देंगे।

संगठन की रणनीति पर होगी चर्चा

नवीन शनिवार को भाजपा की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित किया। इसमें झारखंड की राजनीतिक स्थिति, पार्टी की प्राथमिकताओं और आगामी रणनीति पर चर्चा होगी। संगठन के मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

उत्तर प्रदेश फतह करने भाजपा अध्यक्ष का दौरा

नवीन 27 को तो 30 को शाह कार्यकर्ताओं में भरेंगे जोश

भाजपा अध्यक्ष नेता नितिन नवीन भी 27 अक्टूबर को आजमगढ़ में ओम प्रकाश राजभर के मंच पर मौजूद रहेंगे। इसके अलावा वे प्रदेश के संगठनात्मक क्षेत्रों का दौरा कर कार्यकर्ताओं में जोश भरने और सियासी हालात का जायजा लेने का काम करेंगे। गृह मंत्री अमित शाह 30 और 31 अक्टूबर को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ का दौरा करेंगे। यहां वे प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में हिस्सा लेंगे और चुनावी रणनीति व संगठन की तैयारियों पर चर्चा करेंगे। वे बूथ स्तर की तैयारियों को मजबूत करने का मंत्र भी देंगे।

खबर संक्षेप

मोदी पर जादू-टोना... नींबू व सिंदूर मिले

मऊ। यूपी के मऊ जिले से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। दोहरीघाट में श्मशान घाट के पास जमीन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर मिली है। तस्वीर के आसपास नारियल, नींबू, लाल धागा और सिंदूर भी रखा पाया गया। नींबू में बाकायदा सुई चुभाई गई है। इसका वीडियो जब सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो हड़कंप मच गया।



वॉटसएप चैट में जुड़ेगा नया बटन: इंस्टाग्राम होगा आसान

नई दिल्ली। अगर आप भी वॉटसएप पर इंस्टाग्राम रील्स शेयर करते हैं, तो अब आपका अनुभव बदल सकता है। दरअसल वॉटसएप अपनी चैट में इंस्टाग्राम रील्स शेयर करने के एक्सपीरियंस को आसान बनाने की कोशिश में है। इसके लिए चैट के अटैचमेंट मेन्यू में एक नया डेडीकेटेड शॉर्टकट बटन जोड़ा जा रहा है। इस नए शॉर्टकट की मदद से यूजर्स के पास व्हाट्सएप पर रील्स शेयर करने का एक सीधा ऑप्शन आ जाएगा।

जातिसूचक तानों के बाद दलित लड़के ने दी जान

कोयंबटूर। तमिलनाडु के कोयंबटूर में गोमांस खाने को लेकर कथित जातिसूचक ताने और उत्पीड़न का सामना करने वाले 16 वर्षीय दलित लड़के की आत्महत्या के मामले में 11वीं कक्षा के दो छात्रों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

पंजाब के लुधियाना की घटना

घर में घुसकर युवक का हाथ काटा, अधिक खून बहने से मौत

एजेंसी ▶▶ लुधियाना

लुधियाना में बदमाशों ने घर में घुसकर एक युवक पर तलवार से हमला कर उसका हाथ काटकर अलग कर दिया। वारदात के बाद आरोपी कटा हुआ हाथ लिफाफे में डालकर एक करियाना दुकानदार को दे गए। दुकानदार से कहा कि इसे युवक के घर पहुंचा देना। घायल युवक को आसपास के लोग अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने काफी देर तक खून रोकने की कोशिश की। खून ज्यादा बहने से उसकी मौत हो गई। घटना रेडू साहिब गुरुद्वारा के पास की है। मृतक की पहचान शक्ति सिंह उर्फ भूरा (40) के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, शुरुआती जांच में मामला आपसी रंजिश का लग रहा है। युवक और आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड सामने आया है। पुलिस फुटेज खंगाल रही है।



करियाना दुकानदार को हाथ लिफाफे में डालकर दे गए

धरेड़ी जट्टां टोल प्लाजा की घटना

पंजाब में टोलकर्मी को 100 मीटर तक बोनट पर घसीटा

कर्मचारी बुरी तरह से घायल, ड्राइवर फरार

एजेंसी ▶▶ पटियाला (पंजाब)

पटियाला-राजपुरा हाईवे पर धरेड़ी जट्टां टोल प्लाजा पर एक कार ड्राइवर ने टोल बैरियर तोड़ दिया और ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी को उड़ा दिया। टक्कर लगने से कर्मचारी कार के बोनट पर गिर गया। ड्राइवर फिर भी नहीं रुका और वो 100 मीटर तक तेज रफ्तार कार पर कर्मचारी को घसीटकर ले गया। आगे जाकर कर्मचारी सड़क पर गिर गया और बुरी तरह घायल हो गया। ड्राइवर कार से फरार हो गया। घायल कर्मचारी को पटियाला के राजिंदरा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। पुलिस टोल प्लाजा की फुटेज के जरिए कार और ड्राइवर की पहचान करने में जुटी है।



संजय राउत ने एआई की मदद से ऑडियो क्लिप तैयार की: भाजपा

मुंबई। महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण आंदोलन के नेता मनोज जरांगे की ओर से जारी 500 करोड़ रुपये के कथित लेनदेन वाले ऑडियो क्लिप को लेकर सियासी घमासान तेज हो गया है। भाजपा ने शनिवार को पलटवार करते हुए शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से फर्जी ऑडियो तैयार कराने का आरोप लगाया। भाजपा नेताओं का दावा है कि इस कथित साजिश का मकसद पार्टी की छवि



खराब करने के साथ मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बीच मतभेद बढ़ाना है। वहीं, राउत ने ऑडियो लीक के पीछे भाजपा के ही एक विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) का हाथ होने का आरोप लगाया है।

11 करोड़ किसानों को मिली फार्मर आईडी

नई दिल्ली। कृषि क्षेत्र में एक नए डिजिटल युग का सूत्रपात करते हुए केंद्र ने निर्धारित समय से पांच महीने पहले ही 11 करोड़ फार्मर आईडी तैयार करने का ऐतिहासिक लक्ष्य हासिल कर लिया है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा संचालित डिजिटल कृषि मिशन के तहत हासिल की गई यह सफलता देश के अन्नदाताओं को सरकारी योजनाओं, बैंक ऋण, फसल बीमा और आपदा राहत का पारदर्शी एवं त्वरित लाभ बिना किसी कागजी दौड़-धूप के सीधे पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त करती है।

नमो घाट पर हेलिकॉप्टर से उतरे कमांडो, सुखोई ने स्टंट दिखाए



आज शो में पीएम भी होंगे शामिल

वाराणसी (उप्र)। राफेल, सुखोई-30 एमकेआई, तेजस और मिराज-2000 सहित लड़ाकू विमानों ने शनिवार को वाराणसी के नमो घाट पर हवाई करतब दिखाए, जिससे भारतीय वायुसेना के 'विंग्स ओवर गंगा' एयर शो के दौरान दर्शक रोमांचित हो उठे। यह आयोजन भारतीय वायुसेना की 94वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में किया जा रहा है। तीन दिवसीय कार्यक्रम 22, 24 और 25 अक्टूबर को निर्धारित है। प्रधानमंत्री मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उप्र की राज्यपाल आनंदीबेन और मुख्यमंत्री योगी के रविवार को अंतिम दिन के शो में शामिल होने की संभावना है।

इक्वाडोर से जुड़ा वीडियो बता रहे

मूंछों के साथ पैदा हुआ बच्चा इंटरनेट पर वायरल हुई तस्वीर



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सोशल मीडिया की दुनिया में इन दिनों एक वीडियो ने तहलका मचा दिया है, जिसमें एक नवजात शिशु के ऊपरी होंठ पर घनी मूंछें नजर आ रही हैं। इस अनोखे और मजेदार वीडियो को देखकर लोग हैरान भी हैं और जमकर चुटकुले भी बना रहे हैं। इक्वाडोर से जुड़ा यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, लेकिन क्या सच में कोई बच्चा मूंछों के साथ पैदा हो सकता है? मेडिकल साइंस के अनुसार, गर्भ में पल रहे बच्चों के शरीर पर एक बेहद बारीक और मुलायम बाल उगते हैं, जिन्हें 'लानुगो' कहा जाता है। आम तौर पर यह बाल बच्चे के जन्म से पहले ही या जन्म के कुछ समय बाद अपने आप झड़ जाते हैं। कुछ बच्चे पीठ, कंधों, कानों और चेहरे पर इन बालों के हल्के निशान के साथ पैदा होते हैं।

फोटो एडिट कर शेयर कर रहे

हालांकि, जानकारों का कहना है कि लानुगो बाल बहुत पतले और रंगहीन होते हैं। वे कभी भी किसी वयस्क की तरह घनी और साफ-सुथरी मूंछें नहीं बना सकते। मेडिकल रिकॉर्ड्स में भी इस वायरल वीडियो जैसी किसी दुर्लभ घटना की पुष्टि नहीं हुई है। मजे की बात यह है कि लोग यहीं नहीं रुके, इस बच्चे की तस्वीर को एडिट कर के मजेदार परिदृश्यों में शेयर किया जा रहा है। किसी ने बच्चे को फौजी वर्दी पहनाकर 'सुप्रीम लीडर' बता दिया। किसी ने उसे बिजनेस ब्लेजर पहनाकर मुंह में सिगार थमा दिया।

ये बाल अपने आप झड़कर गायब हो जाते हैं: डॉक्टर


डॉक्टरों के अनुसार यह स्थिति पूरी तरह से सामान्य और हानिरहित होती है। समय के साथ (कुछ हफ्तों या महीनों में) ये बाल अपने आप झड़ जाते हैं या हल्के होकर गायब हो जाते हैं। कई बार शिशु के समय से पहले पैदा होने के कारण ये बाल जन्म के समय उसके चेहरे या शरीर पर रह जाते हैं।

बिलॉन्गिंग: ए जर्नी ऑफ लव में सोनिया ने खुद बताई कहानी

रेस्टोरेंट से शुरू हुई थी राजीव के साथ लव स्टोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने अपने दिवंगत पति एवं पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी से पहली मुलाकात और उनके प्रेम संबंध की शुरुआत के दिनों को याद करते हुए शनिवार को कहा कि राजीव बेहद सौम्य और आकर्षक थे। उनकी सौम्यता ने उन्हें पहली मुलाकात में ही प्रभावित कर दिया था। सोनिया गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर आगामी आत्मकथा से जुड़ा एक वीडियो साझा किया, जिसमें उन्होंने कैमब्रिज में राजीव गांधी से पहली मुलाकात और उनके प्रेम संबंध की शुरुआत के दिनों को याद किया। इंस्टाग्राम के बाद सोनिया गांधी अब 'एक्स' पर भी आ गई हैं और यह इस मंच पर उनकी पहली पोस्ट है। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, कैमब्रिज के एक छोटे से यूनानी रेस्तरां में मेरी प्रेम यात्रा शुरू हुई। सोनिया ने कहा, राजीव और मैंने प्रेम, खुशी और यादों से भरी अपनी एक दुनिया बनाई। मैं 10 नवंबर को उस दुनिया को आप सबके साथ साझा करूंगी। उनकी आत्मकथा 'बिलॉन्गिंगः ए जर्नी ऑफ लव' 10 नवंबर को प्रकाशित होगी। वीडियो में सोनिया ने इंग्लैंड में शुरुआती दिनों को याद करते हुए कहा कि उस समय वहां का खाना उन्हें पसंद नहीं था और आज की तरह इतने अधिक रेस्तरां भी नहीं हुआ करते थे। वह लगातार ऐसे रेस्तरां की तलाश में रहती थीं। इसी तलाश के दौरान उन्हें कैमब्रिज में एक यूनानी रेस्तरां मिला। वहां यूरोपीय छात्रों के अलावा भारतीय भी आते थे और यही उनकी पहली मुलाकात राजीव गांधी से हुई थी।



पहली मुलाकात में ही पसंद आ गए

सोनिया गांधी ने बताया कि राजीव गांधी से पहली बार मिलने पर उन्हें तुरंत लगा कि वह ऐसे व्यक्ति हैं, जिनके साथ वह रहना चाहेंगी। बाद में उन्हें पता चला कि राजीव भी ऐसा ही महसूस करते थे। दोनों की दोस्ती पार्टियों, घूमने और छात्रों की बैठकों में साथ समय बिताने से आगे बढ़ी।

वैलेंटाइन पार्टी में गए थे सोनिया-राजीव

सोनिया गांधी ने बताया कि जब मैं राजीव से पहली बार मिली तो मुझे तुरंत ही महसूस हो गया कि वह ऐसे इंसान हैं जिनके साथ रहना मुझे बहुत अच्छा लगेगा। उसके बाद में मुझे पता चला कि उनके मन में भी यही बात थी। एक बार हम एक वैलेंटाइन पार्टी में गए, जहां बहुत सारे छात्र मौजूद थे। वह देखने में बहुत ही शांत स्वभाव के इंसान लगते थे। वह बहुत हैंडसम थे, लेकिन उनके स्वभाव में खास सौम्यता थी। इस बात ने मुझे प्रभावित किया। उनसे मैं पहली मुलाकात को नहीं भूल सकती।

इंदिरा और राजीव की हत्या के बाद बदली जिंदगी

1984 में इंदिरा गांधी की हत्या के बाद राजीव गांधी प्रधानमंत्री बने। सात साल बाद, 1991 में राजीव की भी हत्या कर दी गई। सोनिया ने बताया कि अपनों को खोने के दर्द ने उन्हें सार्वजनिक जीवन और राजनीति की ओर धकेला। इससे पहले वह अपनी निजी जिंदगी को सार्वजनिक नजरों से दूर रखना चाहती थीं।

राशिफल

मेष — कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

वृष — कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी, स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

मिथुन — अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

कर्क — आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी, संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धनार्जन हो सकता है।

सिंह — पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

कन्या — नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

तुला — आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

वृश्चिक — वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे, वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

धनु — रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

मकर — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्चे बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

कुंभ — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

मीन — रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन


ज्योतिष

दुआ भी तकदीर बदल देती है
तांत्रिक मास्टर किंग का एलान
भटको चाहे जिधर काम होगा इधर
2 घंटे में समाधान
प्रेम विवाह, सौतन-दुश्मन से छुटकारा, पति-पत्नी में अनबन, प्यार में धोखा, रूठे को मनाना, नौकरी, कारोबार में बाधा आदि।
स्पेशलिस्ट वशीकरण, मूठकरनी
मियां मलिक जी
9711428545
सारे इल्मों के माहिर

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

शब्द पहेली - 6388




बाएँ से दाए-
1. पदमाकर, कमल सरोवर-5
4. इस्लामी धर्म ग्रंथ-3
6. देवस्थान, मंदिर-2
7. शिव आवास-3
8. उत्तम, सज्जन-2
10. पति, शोहर-3
11. दमकना-4
14. टीस, पीड़ा-3
16. झरने की आवाज-4
17. आशा, इच्छा-2
18. संध्या, शाम-2
19. निराकार, भगवान-4
21. बुझाना, शांति-3
22. अभिप्राय-4
24. आंचल-3
25. घोड़ागाड़ी-2
27. उष्ण-3
28. पिता के पिता-2
29. पंक्ति-3
30. तहजीबदार-5

ऊपर से नीचे
1. कथा कहने वाला-5
2. चित, जी-2
3. कार्यशाला, यंत्रालय-4
4. माहिर, दक्ष-3
5. आकाश, गगन-2
7. कारावास-2
9. योग्य-3
12. अनुमान, अंदाज-3
13. झगड़ा, कहासुनी-4
15. मुगल सम्राट जहांगीर का एक नाम-3
16. पक्षियों का शोर-4
17. राहत, विश्राम -3
18. मुसीबत, आफत -3
20. होशियार, चेतावनी-5
21. नगर-3
22. संजीव कुमार व लीना चंदावरकर अभिनीत फिल्म
23. मगरमच्छ-3
24. दर, मूल्य-2
26. भूमि, धरती-2
28. पिता के पिता-2

शब्द पहेली -6387 का हल

	बे	मि	सा	ल		प	ह	चा	न	
बे		ल		हु	न	र		क		स
ई	मा	न		लु		व		र	स	म
मा				हा	ज	रि				क
न	क	ब	ज	न		श	य	न	क	क्ष
	म		र				की		हा	
अ	ल	सु	ब	ह		का	न	भ	र	ना
प				म	लि	न				स
रा	श	न		व		ख		स	ला	म
थ		हा		त	रा	जू		रो		झ
	स	ना	त	न		रा	ज	पा	ट	



खबर संक्षेप

देसी शराब पीने से बसपा पार्षद समेत दो की मौत

जांजगीर। छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले में कथित तौर पर देसी शराब पीने से बसपा पार्षद समेत दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति बीमार पड़ गया। जिले के अनुविभागीय अधिकारी पुलिस टोपेश ने बताया कि शुरुआती जानकारी के अनुसार, मृतकों की पहचान (बसपा के पार्षद रामखिलावन जांगड़े (55) और निजी क्लिनिक चलाने वाले जोहित खरे (52) के रूप में हुई है। घटना शुक्रवार रात में हुई।

कर्नाटक के कुछ हिस्सों में कम तीव्रता का भूकंप

चिक्कबल्लापुर। कर्नाटक के चिक्कबल्लापुर जिले में शनिवार तड़के 2.9 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया। कर्नाटक राज्य प्राकृतिक आपदा निगरानी केंद्र (केएसएनडीएमसी) ने यह जानकारी दी। केएसएनडीएमसी के अनुसार, भूकंप का केंद्र गौरीबिदनूर तालुक के सोमसेट्टीहल्ली गांव के पास स्थित था। भूकंप सुबह तीन बजकर 29 मिनट पर आया और इसका केंद्र जमीन से पांच किलोमीटर की गहराई पर था।

नोएडा सेक्टर-125 में आग, एक की मौत



नोएडा। नोएडा में सेक्टर-126 थाना क्षेत्र के सेक्टर-125 स्थित कृष्णा फूड पोइंट (होटल) में शनिवार दोपहर आग गई। एक व्यक्ति की मौत हो गई है। आग लगने के बाद आसपास धुएं का गुबार छा गया।आग बुझाने के बाद दुकानों के अंदर टीम ने जांच की। प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति जली अवस्था में मिला। पुलिस उसकी पहचान कर रही है।

भाजपा अध्यक्ष झारखंड के तीन-दिवसीय दौरे पर

कांग्रेस ने कभी संविधान का पालन नहीं किया, मनमानी से देश चलाया

सभी जिला अध्यक्षों और प्रभारियों के साथ बैठक की

एजेंसी ▶▶ रांची



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने शनिवार को कांग्रेस पर हमला करते हुए आरोप लगाया कि पार्टी (कांग्रेस) ने कभी संविधान का पालन नहीं किया और अपनी मनमानी से देश चलाया। झारखंड के तीन-दिवसीय दौरे पर आए नवीन यहां भाजपा की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक के उद्घाटन सत्र में पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं को संबोधित कर रहे थे।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि आज देश में संवैधानिक संस्थाओं और लोकतंत्र को चुनौती देने की कोशिश की जा रही है। संविधान की दुहाई देने वालों ने ही उसे तार-तार किया है।

देश में अराजकता पैदा करने की कोशिश करने का आरोप

नितिन नवीन ने कहा कि आपातकाल लगाने से लेकर कई राज्यों में राष्ट्रपति शासन लागू करने तक, कांग्रेस ने कभी संविधान का पालन नहीं किया और मनमाने तरीके से देश चलाया। लोकतंत्र को खत्म करने की कोशिश करने वाले ही आज हमें इस पर उपदेश दे रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस पर देश में अराजकता पैदा करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। नवीन ने कहा कि इसके लिए उन्हें न केवल देश के भीतर से, बल्कि विदेशी ताकतों से भी समर्थन मिल रहा है। राहुल गांधी अब देश की संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाते हैं, लेकिन जब कांग्रेस सत्ता में थी, तब उन्होंने कभी इन पर सवाल नहीं उठाए।

पदभार संभाले के बाद झारखंड का दूसरा दौरा

झारखंड भाजपा कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित करने से पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष नवीन ने सभी जिला अध्यक्षों और प्रभारियों के साथ बैठक की। दोपहर बाद रांची के सुकुरहुटू में राज्य कार्यसमिति की बैठक में शामिल हुए। इससे पहले नितिन नवीन झारखंड के तीन दिवसीय दौरे पर शुक्रवार शाम रांची पहुंचे। उनका यह दौरा केंद्रीय नेतृत्व द्वारा नए पदाधिकारियों और संगठनात्मक प्रभारियों की नियुक्ति के अलावा हाल में भाजपा की राज्य इकाई में किए गए फेरबदल के बाद हो रहा है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद संभालने के बाद नितिन नवीन का झारखंड का यह दूसरा दौरा है। इससे पहले उन्होंने जून में राज्य का दौरा किया था। रविवार को नवीन का संगठनात्मक कार्यक्रमों में भाग लेने और स्थानीय पार्टी नेताओं के साथ बातचीत करने का कार्यक्रम है।

व्यापारी संगठनों ने विपक्ष के नेता को लिखा पत्र

राहुल एक नवंबर को रैली न करें

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

व्यापारी संगठन चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी से दिल्ली के रामलीला मैदान में एक नवंबर को होने वाली 'इंडिया' गठबंधन की रैली को 10 नवंबर तक के लिए स्थगित करने का आग्रह किया है। व्यापारिक निकाय ने चेतावनी दी है कि इस रैली से दिवाली के मुख्य खरीदारी सत्र के दौरान 10,000 करोड़ रुपये का कारोबार प्रभावित हो सकता है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को लिखे एक पत्र में, सीटीआई के चेयरमैन बृजेश गोयल ने कहा कि यह रैली रामलीला मैदान के आसपास के थोक और खुदरा बाजारों को ऐसे समय में प्रभावित कर सकती है जब व्यापारियों

कारोबारी बोले- दिल्ली में 10 हजार करोड़ नुकसान होगा



को धनतेरस और दिवाली से पहले ग्राहकों की भारी भीड़ की उम्मीद है। गोयल ने कहा कि दिल्ली में इस साल छह नवंबर को पड़ने वाले धनतेरस के आसपास सोना-चांदी, इलेक्ट्रॉनिक्स, कपड़े, बर्तन, मेवे, मिठाइयां, वाहन, प्रॉपर्टी और उपहार की वस्तुओं जैसे क्षेत्रों में लगभग 25,000 करोड़ रुपये का कारोबार होता है। इस साल आठ नवंबर को दिवाली मनाई जाएगी, जिसके बाद 10 नवंबर को भाई दूज का त्योहार है।

सिखों की भावनाओं से खिलवाड़ के लिए एक नवंबर को रैली पर पर अड़े राहुल : भाजपा

नई दिल्ली (भाषा)। भाजपा ने दिल्ली में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की आगामी रैली को लेकर शनिवार को कांग्रेस पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि राहुल गांधी एक नवंबर को ही



कार्यक्रम आयोजित करने पर अड़े हैं, ताकि 1984 के सिख विरोधी दंगों के पीड़ितों के जख्मों पर नमक छिड़का जा सके। भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में दावा किया कि 'इंडिया' गठबंधन के कई घटक दल कांग्रेस की एक नवंबर को रैली आयोजित करने की योजना से सहमत नहीं हैं और कार्यक्रम की तारीख बदलना चाहते हैं। उन्होंने आरोप लगाया, "लेकिन राहुल गांधी अपनी जिद पर अड़े हैं और किसी की बात सुनने को तैयार नहीं हैं। प्रसाद ने आरोप लगाया, "राहुल गांधी एक नवंबर को रैली आयोजित करने पर अड़े रहकर जानबूझकर सिखों की आहत भावनाओं पर नमक छिड़कने की कोशिश कर रहे हैं।

अगले सप्ताह जम्मू-कश्मीर मंत्रिमंडल में फेरबदल होगा

श्रीनगर(भाषा)। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शनिवार को कहा कि अगले सप्ताह के शुरुआती दो-तीन दिन में उनके मंत्रिमंडल का विस्तार और उसमें फेरबदल किया जाएगा। अब्दुल्ला ने यहां संवाददाताओं से कहा कि मुख्यमंत्री ने शनिवार सुबह



यहां लोक भवन में सिन्हा से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने कहा, "हां, निश्चित रूप से मंत्रिमंडल में फेरबदल पर चर्चा हुई। मैंने उनसे मंत्रिमंडल विस्तार के लिए समय मांगा और कहा कि अगले सप्ताह के शुरुआती दो-तीन दिन में मैं मंत्रिमंडल का विस्तार करूंगा और उसमें कुछ बदलाव भी करूंगा।" उन्होंने कहा कि उपराज्यपाल इसके लिए समय तय करेंगे, जिसके बाद मंत्रिमंडल का विस्तार किया जाएगा। अब्दुल्ला ने पार्टी के अपने सहयोगियों और विधायकों से अपील की कि वे मंत्री पद पाने के लिए उनसे या नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला से संपर्क न करें।

सड़क निर्माण स्थल पर आग लगने से 5 की दर्दनाक मौत

■ आंध्र प्रदेश की घटना, अंग इधर-उधर बिखरे मिले

एजेंसी ▶▶ पिनाकोटा (आंध्र प्रदेश)



आंध्र प्रदेश के अल्लूरी सीतारामराजू जिले में एक सड़क निर्माण स्थल पर शनिवार को पिकअप ट्रक में डीजल भरते समय आग लगने से पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक अमित बरदार ने बताया कि यह घटना अनंतगिरि मंडल के पिनाकोटा गांव में सड़क निर्माण स्थल पर हुई। उन्होंने कहा कि यह स्थान दूरदराज इलाके में होने के कारण श्रमिक वाहनों में ईंधन भरने के लिए आमतौर पर ड्रम में डीजल लेकर आते हैं। उन्होंने कहा कि ट्रक की टंकी में डीजल भरते समय श्रमिकों ने संभवतः पर्याप्त सावधानी नहीं बरती और किसी चिंगारी के कारण आग लग गई।

जामिया के 5 छात्र 13वें दिन भी भूख हड़ताल पर

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली स्थित जामिया मिलिया इस्लामिया के पांच छात्रों ने इस सप्ताह विश्वविद्यालय के छात्र संघ की बहाली की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल 13वें दिन भी जारी रही। छात्रों ने लगभग दो दशकों से अनसुलझी मांग को फिर से उठा रहे हैं। छात्र संघ के अभाव में छात्रों की आवाज दबाई जा रही है। छात्रों का कोई निर्वाचित प्रतिनिधि नहीं है जो प्रशासन के समक्ष उनके मुद्दों को उठा सके, जिनमें छात्रावास, पीने का पानी, शौचालय, कक्षाएँ, पुस्तकालय, लिफ्ट जैसी बुनियादी सुविधाओं से लेकर प्रमुख शैक्षणिक समस्याएं शामिल हैं, छात्रों द्वारा बुधवार को जारी एक बयान में कहा गया। जामिया में 2006 के बाद से चुनाव नहीं हुए हैं।



■ छात्र संघ बहाल करने की मांग

बाहुबली विधायक अनंत सिंह को जेडीयू ने पार्टी से निकाला

पटना। जनता दल यूनाइटेड ने मोकामा के बाहुबली विधायक अनंत सिंह पर कार्रवाई कर दी है। बिहार विधान परिषद चुनाव में पार्टी प्रत्याशी नीरज कुमार के खिलाफ मोर्चा खोलने वाले अनंत सिंह को जदयू ने 6 साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है। अनंत सिंह के साथ-साथ उनकी पत्नी नीलम देवी की पार्टी की प्राथमिक सदस्यता रद्द कर दी गई है। नीलम देवी को भी 6 साल के लिए निष्कासित किया गया है। इस चिट्ठी पर जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा का हस्ताक्षर है। चिट्ठी में लिखा है कि

एमलीसी चुनाव में बगावत पर एक्शन



पत्नी नीलम देवी भी बाहर

बीते कुछ दिनों से पार्टी के निर्देशों की अवहेलना, शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ अमर्यादित और अपमानजनक भाषा और बिहार विधान परिषद चुनाव में पार्टी के उम्मीदवार के खिलाफ कार्य करने अनंत सिंह को 6 साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है।



फ्रांस में अंजाम दी गई बेरोक-टोक अग्निकांडों और लूटपाट की वारदातों से समूची दुनिया स्तब्ध होकर रह गई है। आखिरकार इस विनाशकारी हिंसक आंदोलन की बुनियाद में कौन से प्रमुख कारण विद्यमान रहे हैं? अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इन हिंसक वारदातों के लिए फ्रांस के इस्लामी प्रवासियों को जिम्मेदार ठहराया है, जबकि फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों इसके पीछे अल्ट्रा लेफ्ट ताक़तों को जिम्मेदार मानते हैं। इस हिंसक विरोध आंदोलन की कड़ियां भारत तक जुड़ गई हैं। इसमें विदेशी संगठनों की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। इन गतिविधियों का उद्देश्य केवल सरकारों की नीतियों का विरोध करना है या चुनी हुई सरकारों को अस्थिर करना भी है? इन सवालों ने हाल ही में अमेरिकी समाचार चैनल फॉक्स न्यूज की एक खोजी रिपोर्ट के बाद चर्चा का रूप ले लिया है। यूरोप के हिंसक प्रदर्शनों से भारत को सबसे बड़ा सबक यह मिलता है कि लोकतंत्र केवल चुनाव कराने तक सीमित नहीं है। उसकी वास्तविक मजबूती नागरिकों के भरोसे, संस्थाओं की निष्पक्षता, शांतिपूर्ण असहमति की स्वतंत्रता और कानून के समान अनुपालन में निहित है। भारत ने जिस तरह से हालिया प्रदर्शनों को नियंत्रित किया है, उस पर टिप्पणी को लेकर मानवाधिकार संगठनों का छद्म छलावा प्रदर्शित होता है। *इन्हीं मुद्दों की पड़ताल करता आजकल का यह खास अंक...*

फ्रांस से उठा यूरोप में फैला हिंसक तूफान



विश्लेषण


प्रभात कुमार राय

विदेश मामलों के जानकार

संपूर्ण दुनिया स्तब्ध होकर रह गई है, जबकि फ्रांस की राजधानी पेरिस और आसपास के नगरों की सार्वजनिक इमारतों से उठती हुई विनाशकारी अग्नि ज्वालाओं का दुनिया ने दीदार किया। फ्रांस में अंजाम दी गई बेरोक-टोक अग्निकांडों और लूटपाटों ने फ्रांस का ही नहीं, वरन् समूची दुनिया के दिल को हिला कर रख दिया है। इंतहा तो तब हो गई, जब पेरिस से उठा हिंसककारी आंदोलन अल्बानिया, इटली, स्पेन, सर्बिया आदि यूरोप के अनेक देशों में भी फैल गया है। आखिरकार इस विनाशकारी हिंसक आंदोलन की बुनियाद में कौन से प्रमुख कारण विद्यमान रहे हैं? अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा फ्रांस में अंजाम दी गई हिंसक वारदातों के लिए फ्रांस के इस्लामी प्रवासियों को जिम्मेदार ठहराया गया है। ट्रंप ने अपने मतदाताओं को खबरदार करते हुए फरमाया कि बस आप फ्रांस को देख लीजिए। ट्रंप ने यह भी कहा कि फ्रांस का पेरिस नगर बहुत जल्दी एक मुस्लिम बहुल नगर बन जाएगा।

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने डोनाल्ड ट्रंप के बयान को बेहूदा और एकदम गलत बताया। यह कहना कि फ्रांस के इस्लामी प्रवासियों की भारी भीड़ ने फ्रांस पर हमला किया है, डोनाल्ड ट्रंप की यह बात पूरी तरह से बेबुनियाद और सरासर झूठ है। मैक्रों ने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप अपने चुनाव अभियान के लिए हमारे देश के विद्यार्थी आंदोलन के विषय में एकदम झूठ बोल रहे हैं। फ्रांस में हिंसक वारदातों के लिए फ्रांस की अल्ट्रा लेफ्ट ताक़तें जिम्मेदार हैं। 16 सितंबर 2026 का दिन था। पेरिस से तकरीबन 12 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है गांव का एक हाई स्कूल, जहां से फ्रांस में विद्यार्थियों के वर्तमान आंदोलन की शुरुआत हुई। विद्यार्थियों की दीर्घ काल से सरकार से मांग रही है कि उनके स्कूल में पर्याप्त संख्या में टीचर्स नहीं हैं और स्कूल की हालत बहुत जर्जर है। आखिरकार विद्यार्थियों द्वारा अपने स्कूल के दरवाजे बंद कर दिए गए। एक स्कूल से शुरू हुआ विद्यार्थी आंदोलन आसपास के स्कूलों में तेजी के साथ फैल गया, क्योंकि तकरीबन सभी स्कूलों के हालात बहुत ही खराब रहे हैं। इन स्कूलों के अध्यापक भी विद्यार्थियों के आंदोलन में शामिल हो गए और उनके मेहनतकश मां-बाप भी धीमे-धीमे इसमें शामिल होने लगे। उल्लेखनीय है कि कुछ ही दिनों में हाई स्कूल के विद्यार्थियों का आंदोलन बहुत तेजी के साथ संपूर्ण फ्रांस में विस्तारित हो गया। हाई स्कूल के विद्यार्थियों के आंदोलन में फ्रांस की यूनिवर्सिटियों के विद्यार्थी भी शामिल होने लगे और अमीरों के स्कूलों के विद्यार्थी भी इस आंदोलन को अपना समर्थन प्रदान करने के लिए सड़कों पर आ गए। फ्रांस के मजदूरों की ट्रेड यूनियन्स भी आंदोलन में शामिल हो गई। विद्यार्थी आंदोलन का मुकाबला करने के लिए दंगा नियंत्रक पुलिस फोर्स भेजी गई। क्योंकि ये कहीं-कहीं आंदोलन हिंसक होने लगा था। उल्लेखनीय है कि अगले वर्ष 6 महीनों के बाद फ्रांस में राष्ट्रपति के चुनाव आयोजित होने वाले हैं। राष्ट्रपति चुनाव में मुख्य मुकाबला वामपंथी और दक्षिणपंथी उम्मीदवारों के बीच होना है। राष्ट्रपति पद की प्रबल दावेदार हैं प्रवासी विरोधी अति राष्ट्रवादी दक्षिणपंथी मरीन ले पेन और पूंजीवाद के घोर विरोधी वामपंथी उम्मीदवार जीन ल्यूक मेलेचोन।

16 सितंबर 2026 का दिन था। पेरिस से तकरीबन 12 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है गांव का एक हाई स्कूल, जहां से फ्रांस में विद्यार्थियों के वर्तमान आंदोलन की शुरुआत हुई। विद्यार्थियों की दीर्घ काल से सरकार से मांग रही है कि उनके स्कूल में पर्याप्त संख्या में टीचर्स नहीं हैं और स्कूल की हालत बहुत जर्जर है। आखिरकार विद्यार्थियों द्वारा अपने स्कूल के दरवाजे बंद कर दिए गए। एक स्कूल से शुरू हुआ विद्यार्थी आंदोलन आसपास के स्कूलों में तेजी के साथ फैल गया, क्योंकि तकरीबन सभी स्कूलों के हालात बहुत ही खराब रहे हैं। इन स्कूलों के अध्यापक भी विद्यार्थियों के आंदोलन में शामिल हो गए और उनके मेहनतकश मां-बाप भी धीमे-धीमे इसमें शामिल होने लगे। कुछ ही दिनों में आंदोलन तेजी से फ्रांस में विस्तारित हो गया।



फ्रांस में आपातकाल घोषित होने के आसार

वामपंथी शक्तियां बेहद खराब शिक्षा व्यवस्था, बेरोजगारी और कमरतोड़ महंगाई को इस अत्यंत हिंसक आंदोलन के लिए जिम्मेदार ठहरा रही हैं। 17 अक्टूबर को फ्रांस की राजधानी पेरिस के प्रदर्शन स्थल प्लाजा द ला रिपब्लिक पर तकरीबन आठ लाख लोग वस्तुतः बढ़ती हुई महंगाई और अच्छी सरकारी शिक्षा के लिए शांतिपूर्वक प्रदर्शन करने के लिए एकत्रित हुए थे। किंतु काले कपड़ों में कुछ नकाबपोश एक्टिविस्टों के एक गिरोह के आने के बाद शांतिपूर्ण प्रदर्शन अत्यंत हिंसक हो उठा। अभी तक तकरीबन पांच हजार उपद्रवियों को हिरासत में लिया गया है। फ्रांस के प्रधानमंत्री लेकोर्नो द्वारा भयानक हिंसा के लिए अल्ट्रा लेफ्ट के एक्टिविस्टों को दोषी करार दिया गया है। भयानक हिंसा के तांडव तत्पश्चात राष्ट्रपति मैक्रों द्वारा बयान जारी किया गया कि फ्रांस में आपातकाल नाफिज किया जा सकता है। फ्रांस के गृहमंत्री लारा न्युनेज ने कहा है कि पेरिस के अनेक नगरों में हिंसक विरोधी प्रदर्शन के बाद हालात दंगा नियंत्रक पुलिस के नियंत्रण से बाहर निकल गए। गृहमंत्री द्वारा भी हिंसक दंगों के लिए अल्ट्रा लेफ्ट के एक्टिविस्टों को दोषी करार दिया गया है। फ्रांस में प्रदर्शनों का दौर जारी है। राष्ट्रपति मैक्रों की सरकार प्रदर्शनकारियों से बातचीत के लिए तैयार है।

6 माह बाद फ्रांस में होंगे चुनाव

ये सभी मेहनतकश किसानों और मजदूरों के बच्चों के सरकारी स्कूल हैं। इन स्कूलों के अध्यापक भी विद्यार्थियों के आंदोलन में शामिल हो गए और उनके मेहनतकश मां-बाप भी धीमे-धीमे इसमें शामिल होने लगे। उल्लेखनीय है कि कुछ ही दिनों में हाई स्कूल के विद्यार्थियों का आंदोलन बहुत तेजी के साथ संपूर्ण फ्रांस में विस्तारित हो गया। हाई स्कूल के विद्यार्थियों के आंदोलन में फ्रांस की यूनिवर्सिटियों के विद्यार्थी भी शामिल होने लगे और अमीरों के स्कूलों के विद्यार्थी भी इस आंदोलन को अपना समर्थन प्रदान करने के लिए सड़कों पर आ गए। फ्रांस के मजदूरों की ट्रेड यूनियन्स भी आंदोलन में शामिल हो गई। विद्यार्थी आंदोलन का मुकाबला करने के लिए दंगा नियंत्रक पुलिस फोर्स भेजी गई। क्योंकि ये कहीं-कहीं आंदोलन हिंसक होने लगा था। उल्लेखनीय है कि अगले वर्ष 6 महीनों के बाद फ्रांस में राष्ट्रपति के चुनाव आयोजित होने वाले हैं। राष्ट्रपति चुनाव में मुख्य मुकाबला वामपंथी और दक्षिणपंथी उम्मीदवारों के बीच होना है। राष्ट्रपति पद की प्रबल दावेदार हैं प्रवासी विरोधी अति राष्ट्रवादी दक्षिणपंथी मरीन ले पेन और पूंजीवाद के घोर विरोधी वामपंथी उम्मीदवार जीन ल्यूक मेलेचोन।

राजनीतिक दल भी शामिल

फ्रांस के राजनीतिक दल भी इस हिंसक बन चुके आंदोलन में शामिल होकर अपने-अपने लिए सुर्खियां बटोरने की होड़ में जुटे हुए हैं। इस वक्त फ्रांस में हिंसक तांडव अत्यंत तीव्रता के साथ बढ़ रहा है। फ्रांस के आंदोलन में जारी भयानक आगजनी और हिंसक तांडव फ्रांस के वर्तमान इतिहास में सबसे खराब घटनाओं में से एक रहा है। फ्रांस में हिंसक तनाव राजनीति के गलियारों से लेकर सड़कों तक तांडव करता नजर आ रहा है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के मुख्यालय एलिसी पैलेस के अनुसार देश के गृहमंत्री लॉरेंट न्युनेज ने अपना त्यागपत्र देने की पेशकश की थी, जिसे राष्ट्रपति ने अस्वीकार कर दिया और फरमाया कि फ्रांस की सड़कों को सुरक्षित बनाने के लिए और भयानक हिंसा के दोषी अपराधियों को इंसाफ के कठघरे में लाने के लिए सख्त तौर तरीके अख्तियार किए जाएं। फ्रांस की हुकूमत के मुताबिक तकरीबन दो हजार दुकानों और व्यवसायों में आगजनी और लूटपाट अंजाम दी गई है। दंगा नियंत्रक पुलिस द्वारा हिंसक भीड़ पर आंसू गैस के गोले दागे गए। वाटर कैनन की बौछारें की गईं। जगह-जगह पर पुलिस को उपद्रवी भीड़ को लाठियां से पीटते हुए देखा गया।

मैक्रों की नीतियों की आलोचना

कहीं भी फ्रांस की दंगा नियंत्रक पुलिस द्वारा हिंसक उपद्रवियों पर गोलियां नहीं दागी गईं। सिर्फ एक व्यक्ति के हताहत होने का समाचार है। फ्रांस के गृहमंत्रालय के अनुसार 17 अक्टूबर को लगभग एक हजार पुलिसकर्मी बुरी तरह से घायल हुए। जिसमें सात की हालत बहुत गंभीर है। विश्व पटल पर प्रख्यात पर्यटक सिटी ऑफ़ लाइट पेरिस में आजकल दुर्भाग्यवश अंधकार छाया हुआ है। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों द्वारा पेरिस के कुछ हिस्सों में और कुछ अन्य शहरों में कर्फ्यू नाफीज कर दिया गया है। फ्रांस के राष्ट्रपति मेक्रों ने राष्ट्र को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय एकता और शांति बनाए रखने का आह्वान किया। राष्ट्रपति द्वारा फ्रांसीसी जनता को आश्वासन देने का प्रयास किया गया कि हिंसा के दोषियों को कानून द्वारा कठोरतापूर्वक दंडित किया जाएगा। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की नीतियों की जमकर आलोचना भी की जा रही है। कहा जा रहा है कि उनके शासनकाल के दौरान फ्रांस के हालात बद से बदतर होते गए हैं। फ्रांस की दक्षिणपंथी शक्तियां मध्यमार्गी राष्ट्रपति मैक्रों की फ्रांसीसी हुकूमत को उसकी विनाशकारी प्रवासी नीतियों के लिए जिम्मेदार ठहरा रही हैं

एकांगी दृष्टिकोण के असर में मानवाधिकार संगठन



दिखावा

उमेश चतुर्वेदी

राजनीतिक समीक्षक

यह कोई पहला मौका नहीं है, जब भारतीय सुरक्षा बलों और सरकार पर उसकी कार्रवाई को लेकर मानवाधिकार संगठनों ने सवाल उठाया हो। कश्मीर घाटी में आतंकी खून बहाते रहे, तब मानवाधिकार संगठनों ने कोई सवाल नहीं उठाया, लेकिन जब भी इन आतंकियों के खिलाफ भारतीय बलों ने कड़ी कार्रवाई की, उनके समर्थकों को सीखचों के पीछे डालना शुरू किया, मानवाधिकार संगठनों को उनके मानवाधिकार की चिंता होने लगी। ऐसे में हालिया आंदोलनों के दौरान भारत सरकार की कार्रवाई को लेकर मानवाधिकार संगठन सवाल नहीं उठाते तो ही हैरत होती। नीट परीक्षा के खिलाफ कॉकरोच जनता पार्टी के बीस जुलाई के संसद मार्च के दौरान जो हिंसा हुई, उसके खिलाफ अगर सुरक्षा बल, ताकत का इस्तेमाल नहीं करते तो बाद में वे ही सवालों के घेरे में होते। संसद से महज दो सौ मीटर की दूरी पर जिस तरह आंदोलन में शामिल असामाजिक और अराजक तत्व उकसाऊ कार्रवाई कर रहे थे, उसमें पुलिस और प्रशासन के पास बल प्रयोग के अलावा कोई दूसरा चारा भी नहीं था। सोचिए अगर, उस दिन उपद्रवी संसद में घुस जाते और भारतीय संसद के साथ कुछ वैसी ही अनहोनी होती, जैसा अभी हालिया प्रदर्शन के दौरान अल्बानिया में हुआ है तो क्या भारतीय लोकतांत्रिक समाज उसे स्वीकार कर पाता? भारत में हालिया आंदोलनों की शुरूआत नीट परीक्षा में धांधली के विरोध में हुई। इसी दौरान अचानक से एक नई पार्टी 'कॉकरोच जनता पार्टी' बनी और उसके बैनर तले देशभर के युवाओं ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर डेरा डाल दिया। मर्यादित आंदोलनों के जरिए लोक अपना गुस्सा निकालकर शांत हो जाता है। लेकिन ध्यान रखना चाहिए कि लोक में अराजक तत्व भी होते हैं और वे आंदोलनों की ताक में रहते हैं। लोकतांत्रिक आंदोलनों में वे मौका पाते ही घुस जाते हैं और अराजकता को बढ़ावा देते हैं। कॉकरोच जनता पार्टी के बीस जुलाई के संसद में मार्च में ऐसा ही हुआ। कॉकरोच जनता पार्टी के संसद मार्च में ऐसा ही हुआ। सुरक्षा बलों पर पत्थर फेंकने में जेनुइन छात्रों की संख्या कम, अराजक और असामाजिक तत्वों की संख्या ज्यादा रही। इस तथ्य को सुरक्षा बलों ने भी स्वीकार किया है। सुरक्षा बलों के नरम रूख के पीछे आंदोलन में शामिल युवा रहे। सुरक्षा बलों और प्रशासन को लगता था कि अगर युवाओं के खिलाफ कार्रवाई हुई तो मामला बिगड़ सकता है। लेकिन जैसे ही यह आंदोलन एसआईआर के खिलाफ और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की ओर बढ़ा, इसने राजनीतिक रंग ले लिया। निश्चित तौर पर इस पूरे आंदोलन में छात्र कहीं नेपथ्य में जाते हुए दिखे और मोर्चे पर कांग्रेस की अगुआई में विपक्षी दल दिखे। सुरक्षा बलों ने अपना संयम बनाए रखा। चुनाव आयोग पर प्रदर्शन के लिए संसद से निकले विपक्षी सांसदों और उनके समर्थकों को एहतियातन हिरासत में लिया गया। लोगों को जुटने से रोका गया। हो सकता है कि इस दौरान कुछ लोगों के साथ हाथापाई भी हुई हो, किसी को चोट लगी हो। आंदोलन में ऐसा होना स्वाभाविक भी है। दुनिया की कोई भी सरकार आंदोलनकारियों का फूलों से स्वागत नहीं करती। सरकार और सुरक्षा बलों ने जिस तरह संयम दिखाकर सिर्फ हिरासत में लेकर आंदोलन को हिंसक होने से रोकने में सफलता पाई, उसका समाज के एक बड़े हिस्से ने स्वागत भी किया है। आंदोलनकारियों के खिलाफ सड़कों पर उतरी जनता को आसानी से भाजपा का एजेंट कहा जा सकता है। लेकिन त्योहारी मौसम में कारोबारी नुकसान पहुंचा रहे कनॉट प्लेस के कारोबारियों का आंदोलन के विरोध में खड़ा होना मामूली बात नहीं है। इससे साफ हुआ कि जनता भी ऐसे आंदोलनों को पसंद नहीं कर रही। दुर्भाग्य यह है कि चाहे एमनेस्टी इंटरनेशनल हो या फिर ह्यूमनराइट वाच, या संयुक्त राष्ट्र संघ की समिति, उन्होंने इस पूरे घटनाक्रम, सुरक्षा बलों के संयम, प्रधानमंत्री को दी गई गालियों की ओर ध्यान नहीं दिया। एसआईआर और नीट परीक्षा में धांधली के खिलाफ हुए आंदोलनों के दौरान पुलिस कार्रवाई पर एमनेस्टी इंटरनेशनल और संयुक्त राष्ट्र संघ की समिति एवं विशेषज्ञों का चिंता जताना मामले का एक तरफा संज्ञान लेना है। ह्यूमन राइट्स वॉच और संयुक्त राष्ट्र की नस्लीय भेदभाव उन्मूलन समिति यानी यूएनसीईआरडी ने अपनी रिपोर्टों में, देश में धार्मिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ भेदभावपूर्ण नीतियां अपनाने और उनके खिलाफ नफरती भाषण आदि का आरोप लगाया है। ये संगठन विदेशी अंशदान नियमन अधिनियम यानी एफसीआरए और कड़े आतंकवाद-विरोधी कानूनों, मसलन यूएपीएके दुरुपयोग का भी भारत पर आरोप लगाते रहे हैं। मानवाधिकार संगठन चाहे जो भी कहें, लेकिन विशेषकर राजधानी दिल्ली में जिस तरह सुरक्षा बलों ने खुद पर हुए हमलों के बावजूद जवाबी कार्रवाई में संयम दिखाया, उसकी तारीफ होनी चाहिए। पश्चिमी समाज और उसके कथित मानवाधिकार संगठनों का नजरिया विशेषकर तीसरी दुनिया के देशों के लिए एकतरफा ही रहा है। बेशक भारत आर्थिक रूप से दुनिया की चौथी बड़ी शक्ति बन चुका है, लेकिन अब भी भारत को लेकर उनकी सोच पुरानी ही है। जिसे अब देश की अधिसंख्य जनता समझने लगी है, इसीलिए अब ऐसे आरोपों और पर्यवेक्षणों से भारतीय मानस उस तरह प्रभावित नहीं होता, जैसा अतीत में होता रहा है।

ह्यूमन राइट्स वॉच व संयुक्त राष्ट्र की नस्लीय भेदभाव उन्मूलन समिति यानी यूएनसीईआरडी ने अपनी रिपोर्टों में, देश में धार्मिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ भेदभावपूर्ण नीतियां अपनाने और उनके खिलाफ नफरती भाषण आदि का आरोप लगाया है।

विरोध-प्रदर्शनों के पीछे अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क



रिपोर्ट

विवेक शुक्ला

वरिष्ठ पत्रकार

दुनिया के अलग-अलग देशों में होने वाले विरोध-प्रदर्शनों के बीच क्या कोई अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क भी काम कर रहा है? क्या कुछ विदेशी संगठन स्थानीय असंतोष को साझा राजनीतिक अभियान का रूप देने की कोशिश कर रहे हैं? और क्या इन गतिविधियों का उद्देश्य केवल सरकारों की नीतियों का विरोध करना है या चुनी हुई सरकारों को अस्थिर करना भी है? इन सवालों ने हाल ही में अमेरिकी समाचार चैनल फॉक्स न्यूज की एक खोजी रिपोर्ट के बाद चर्चा का रूप ले लिया है।

रिपोर्ट में फ्रांस में छात्र आंदोलनों और भारत में हुए राजनीतिक विरोध-प्रदर्शनों के बीच कथित संबंधों का उल्लेख किया गया है। इसमें इंडियन एलायंस पेरिस (आईएपी) नामक संगठन का भी जिक्र है। हालांकि, रिपोर्ट में लगाए गए आरोपों और स्वतंत्र रूप से प्रमाणित तथ्यों के बीच अंतर करना जरूरी है। फॉक्स की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि विभिन्न देशों में सक्रिय 101 संगठन विरोध-प्रदर्शनों के आयोजन, उनके प्रचार या उनके संदेशों को व्यापक स्तर पर प्रसारित करने में जुड़े हुए हैं। इस कथित नेटवर्क में वामपंथी और समाजवादी समूहों, छात्र संगठनों, श्रमिक संघों, मीडिया मंचों तथा राजनीतिक सक्रियता से जुड़े संगठनों की भूमिका है। इस दावे का आधार यह है कि अलग-अलग देशों में होने वाले आंदोलनों के बीच सोशल मीडिया संदेशों, सार्वजनिक बयानों, संगठनों के आपसी संपर्क और एकजुटता अभियानों के माध्यम से संबंध बनते दिखाई देते हैं। फ्रांस में छात्रों के आंदोलनों और भारत में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ इस्तीफे की मांग से जुड़े विरोध-प्रदर्शनों का संदर्भ इसी सिलसिले में सामने आया है। यहां एक महत्वपूर्ण सवाल है। क्या विरोध-प्रदर्शनों के बीच वैचारिक समानता, साझा संदेश या अंतरराष्ट्रीय समर्थन अपने आप में किसी गुप्त साजिश का प्रमाण है? ऐसे संबंध किसी संगठित राजनीतिक अभियान की मौजूदगी का संकेत दे सकते हैं, लेकिन उनसे यह स्वतः सिद्ध नहीं होता कि संबंधित संगठन किसी चुनी हुई सरकार को गिराने या विरोध-प्रदर्शन शुरू कराने की योजना चला रहे हैं। फॉक्स न्यूज की रिपोर्ट में इंडियन एलायंस पेरिस को फ्रांस में सक्रिय भारतीय मूल के छात्रों, शोधकर्ताओं और पेशेवरों से जुड़ा संगठन बताया गया है। इस संगठन ने फ्रांस प्रदर्शनों से संबंधित संदेशों को सोशल मीडिया पर साझा किया और भारत तथा फ्रांस में युवाओं के आंदोलनों के बीच समानताओं को रेखांकित किया। रिपोर्ट में न्यूयॉर्क स्थित पीपुल्स फोरम और अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक मंच प्रोग्रेसिव इंटरनेशनल का भी उल्लेख किया गया है। इन संगठनों और कुछ अन्य समूहों के बीच संपर्कों को आधार बनाकर यह सवाल उठाया गया है कि क्या अलग-अलग देशों के आंदोलनों को साझा राजनीतिक दिशा देने की कोशिश हो रही है। इंडियन एलायंस पेरिस का नाम सामने आने से भारत में भी इस मुद्दे पर राजनीतिक बहस तेज हुई है। हालांकि, किसी संगठन का दूसरे संगठनों के साथ कार्यक्रम आयोजित करना, किसी आंदोलन का समर्थन करना या सोशल मीडिया पर संदेश साझा करना अपने आप में गैरकानूनी गतिविधि अथवा सरकार गिराने की साजिश का प्रमाण नहीं है। इसके लिए वित्तीय लेन-देन, निर्देशों, संगठनात्मक नियंत्रण और वास्तविक गतिविधियों से जुड़े ठोस साक्ष्यों की जरूरत होती है। इस पूरे विवाद का एक महत्वपूर्ण पहलू विदेशी वित्त पोषण है। रिपोर्ट में अमेरिकी कारोबारी नेविल रॉय सिंघम और उनसे जुड़े कुछ संगठनों का उल्लेख किया गया है। इस विषय पर विचार करते समय लोकतंत्र के दो बुनियादी सिद्धांतों को ध्यान में रखना होगा। पहला, चुनी हुई सरकारों को अस्थिर करने के लिए विदेशी धन, गुप्त निर्देशों या गैरकानूनी हस्तक्षेप का इस्तेमाल गंभीर चिंता का विषय हो सकता है। यदि ऐसे हस्तक्षेप के प्रमाण मिलते हैं, तो उनकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और कानून के अनुसार कार्रवाई की जानी चाहिए। आवश्यक है कि किसी भी रिपोर्ट में किए गए दावों की जांच दस्तावेजों, वित्तीय रिकॉर्ड, प्रत्यक्ष साक्ष्यों और संबंधित संगठनों के जवाबों के आधार पर की जाए। यह भी देखना चाहिए कि संगठनों के बीच संबंध केवल वैचारिक समर्थन और प्रचार तक सीमित हैं या वास्तव में किसी देश की राजनीतिक व्यवस्था को प्रभावित करने के लिए निर्देशित गतिविधियां संचालित की गई हैं।



इंडियन एलायंस पेरिस का नाम सामने आने से भारत में भी इस मुद्दे पर राजनीतिक बहस तेज हुई है। हालांकि, किसी संगठन का दूसरे संगठनों के साथ कार्यक्रम आयोजित करना, किसी आंदोलन का समर्थन करना अपने आप में गैरकानूनी गतिविधि अथवा सरकार गिराने की साजिश का प्रमाण नहीं है।

समय पर संवाद और समाधान जरूरी



मंथन


योगेश कुमार सोनी

स्वतंत्र पत्रकार

लोकतंत्र में विरोध प्रदर्शन जनता की आवाज बुलंद करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम हैं। जब सरकारें जनभावनाओं को अनसुना करती हैं, नीतियों से असंतोष बढ़ता है या लोगों को लगता है कि उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा तब सड़कों पर उतरकर विरोध करना स्वाभाविक है। जब यही विरोध हिंसा, आगजनी, तोड़फोड़ और पुलिस से टकराव का रूप ले लेता है, तो सवाल केवल प्रदर्शनकारियों के उद्देश्यों का नहीं रह जाता, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था, सामाजिक स्थिरता और कानून के शासन का भी बन जाता है। यूरोप के विभिन्न देशों में समय-समय पर हुए हिंसक प्रदर्शनों से भारत को भी कई महत्वपूर्ण सबक मिलते हैं। हालांकि यूरोप एक समान राजनीतिक या सामाजिक इकाई नहीं है।

फ्रांस में पेंशन सुधारों के विरोध, किसानों के आंदोलन, ब्रिटेन में दंगों और अन्य देशों में आर्थिक असंतोष से जुड़े प्रदर्शनों की परिस्थितियां अलग-अलग रही हैं। इसलिए हर घटना को एक ही नजरिये से देखने के बजाय उसके कारणों और परिणामों को समझना आवश्यक है। हिंसक प्रदर्शनों का पहला सबक यह है कि जन-असंतोष को समय रहते समझना और उसका समाधान करना किसी भी सरकार की जिम्मेदारी है। महंगाई, बेरोजगारी, आर्थिक असमानता, किसानों की समस्याएं, सामाजिक भेदभाव और भविष्य को लेकर असुरक्षा जैसे मुद्दे लोगों में नाराजगी पैदा कर सकते हैं। यदि नागरिकों को लगता है कि उनकी बात सुनने वाला कोई नहीं है, तो व्यवस्था के प्रति अविश्वास गहरा सकता है। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में यह चुनौती और भी महत्वपूर्ण है। यहां भाषाई, धार्मिक, जातीय, क्षेत्रीय और आर्थिक विविधता के कारण अलग-अलग वर्गों की अपेक्षाएं भी अलग हैं। सरकारों को चाहिए कि वे नीतियों के निर्माण और क्रियान्वयन में जनसंवाद को प्राथमिकता दें। समय पर संवाद और शिकायतों का समाधान कई बार उस स्थिति को पैदा होने से रोक सकता है, जिसमें सामान्य विरोध उग्र हो जाता है। हालांकि यह भी समझना जरूरी है कि हर हिंसक घटना का कारण सरकारी नीतियों की विफलता ही नहीं होता। अफवाहें, संगठित उकसावे, आपराधिक तत्व और राजनीतिक ध्रुवीकरण भी परिस्थितियों को बिगाड़ सकते हैं। लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत यह है कि नागरिक सरकार की नीतियों से असहमति जता सकते हैं। शांतिपूर्ण प्रदर्शन, धरना, जुलूस और सार्वजनिक बहस लोकतांत्रिक व्यवस्था के आवश्यक अंग हैं। लेकिन किसी नीति का विरोध करने का अधिकार सार्वजनिक संपत्ति जलाने, दुकानों को लूटने, वाहनों में आग लगाने या आम नागरिकों की सुरक्षा खतरे में डालने का अधिकार नहीं बन जाता। यूरोप की हिंसक घटनाएं यह याद दिलाती हैं कि जब विरोध की सीमा टूटती है, तो सबसे अधिक नुकसान अक्सर उन्हीं आम लोगों को उठाना पड़ता है जिनके हितों की रक्षा का दावा किया जाता है। कारोबार प्रभावित होता है, सार्वजनिक परिवहन बाधित होता है, छोटे दुकानदारों की आजीविका पर असर पड़ता है और भय का वातावरण बनता है। सोशल मीडिया जनसमस्याओं को सामने लाने, लोगों को संगठित करने और प्रशासन तक शिकायतें पहुंचाने का प्रभावी माध्यम है। लेकिन यही माध्यम भ्रामक सूचनाओं, पुराने वीडियो को नई घटना बताकर प्रसारित करने, नफरत फैलाने और भीड़ को उकसाने का जरिया भी बन सकता है। यूरोप और भारत, दोनों के संदर्भ में यह एक महत्वपूर्ण चुनौती है। तनावपूर्ण परिस्थितियों में बिना पुष्टि की गई खबरें आग में घी डालने का काम कर सकती हैं। नागरिकों को किसी भी संदेश या वीडियो को साझा करने से पहले उसकी सत्यता जांचनी चाहिए।

यूरोप के हिंसक प्रदर्शनों से भारत को सबसे बड़ा सबक यह मिलता है कि लोकतंत्र केवल चुनाव कराने तक सीमित नहीं है। उसकी वास्तविक मजबूती नागरिकों के भरोसे, संस्थाओं की निष्पक्षता, शांतिपूर्ण असहमति की स्वतंत्रता और कानून के समान अनुपालन में निहित है। आखिरकार किसी भी आंदोलन का उद्देश्य व्यवस्था को बेहतर बनाना होना चाहिए, उसे हिंसा और अराजकता के हवाले करना नहीं।



यूरोप की हिंसक घटनाएं याद दिलाती हैं कि जब विरोध की सीमा टूटती है, तो सबसे अधिक नुकसान अक्सर उन्हीं आम लोगों को उठाना पड़ता है जिनके हितों की रक्षा का दावा किया जाता है। कारोबार प्रभावित होता है, सार्वजनिक परिवहन बाधित होता है, छोटे दुकानदारों की आजीविका पर असर पड़ता है।



भारत का 300वां मैच, 200वीं जीत तिलक और नीतीश ने पलटा मैच

भारत ने तिलक वर्मा (नाबाद 51 रन) के अर्धशतक और नीतीश कुमार रेड्डी (नाबाद 26 रन) के साथ सातवें विकेट के लिए 30 गेंद में 69 रन की अटूट साझेदारी की बदौलत शुरुआती झटकों से उबरते हुए शनिवार को दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में न्यूजीलैंड पर एक गेंद रहते 4 विकेट से रोमांचक जीत दर्ज की। भारत ने 300वें मैच में 200वीं जीत (टाई मुकाबले जोड़े बगैर) दर्ज की।

एजेंसी ▶▶ क्राइस्टचर्च

तिलक (26 गेंद, 6 चौके, 1 छक्का) और नीतीश कुमार (13 गेंद, 1 चौका, 1 छक्का) ने ऐसे समय में जिम्मेदारी संभाली, जब टीम 15वें ओवर में 112 रन पर 6 विकेट गंवाकर मुश्किल में थी। लेकिन दोनों ने सूझबूझ और संयम से बल्लेबाजी करते हुए 19.5 ओवर में 6 विकेट पर 181 रन बनाकर भारत को 5 मैच की श्रृंखला में 2-0 से आगे कर दिया। कप्तान मिचेल सैंटनर (4 ओवर में 21 रन देकर 4 विकेट) की शानदार गेंदबाजी से एक समय न्यूजीलैंड की टीम जीत की ओर बढ़ रही थी। पर तिलक ने फिनिशर की भूमिका निभाते हुए मैच उनके हाथों से छीन लिया।

टीम इंडिया की खराब शुरुआत

भारतीय गेंदबाजों ने पहले मैच की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया लेकिन मेजबान टीम ने ग्लेन फिलिप्स (70) और बेवोन जैकब्स (56) के अर्धशतकों के बाद 5 विकेट पर 180 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। भारत के लिए शुरुआत इतनी अच्छी नहीं रही और टीम ने शुरू में लगातार अंतराल पर विकेट गंवाए। मध्यक्रम बल्लेबाज नमन धीर ने 31 रन, अभिषेक शर्मा ने 27 रन, संजू सैमसन ने 14 रन और अक्षर पटेल ने 11 रन बनाए। भारत को पहला झटका पांचवें ओवर में जैकब डफी ने सैमसन को आउट करके दिया, जो धीमी गेंद को जल्दी खेलकर ग्लेन फिलिप्स के हाथों लपके गए, तब टीम का स्कोर 40 रन था।



- तिलक वर्मा और नीतीश कुमार रेड्डी ने 7वें विकेट के लिए 69 रनों की साझेदारी
- न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने 4 ओवर में 24 रन देकर 4 विकेट लिए
- अभिषेक के पावरप्ले में 100 छक्के
- भारतीय साझेदारी का बना रिकॉर्ड
- तिलक ने फील्डिंग में बनाया रिकॉर्ड

अर्शदीप ने भुवी का रिकॉर्ड तोड़ा

अर्शदीप सिंह ने इस साल अभी तक 29 मैचों की 26 पारियों में बॉलिंग की है। 9.25 की इकोनॉमी से रन देकर उन्होंने 38 विकेट लिए हैं। उनका बेस्ट प्रदर्शन 51 रन देकर 5 विकेट है।

स्कोर बोर्ड

न्यूजीलैंड पारी :	रन	गेंद	4	6
सीफर्ट का तिलक बो अर्शदीप	7	6	0	1
फिन एलेन बो प्रिंस	16	14	0	1
मिचेल का तिलक बो भुवनेश्वर	6	5	1	0
फिलिप्स का धीर बो अर्शदीप	70	43	4	4
जैकब्स का अक्षर बो रेड्डी	58	46	5	1
मिचेल सैंटनेर नाबाद	4	5	0	0
मिचेल ब्रेसवेल नाबाद	10	2	1	1
अतिरिक्त : 9 रन				
योग : 20 ओवर में 180/5 रन				
गेंदबाजी : भुवनेश्वर 4-0-50-1, अर्शदीप 4-0-33-2, प्रिंस 4-0-30-1, धीर 1-0-7-0, अक्षर 4-0-28-0, रेड्डी 3-0-31-1				
भारत पारी :	रन	गेंद	4	6
सैमसन का फिलिप्स बो डफी	14	17	1	1
अभिषेक का स्मिथ बो सैंटनर	27	21	3	1
सूर्यवंशी का डेरिल मिचेल बो स्मिथ	04	8	0	0
श्रेयस अय्यर का सैंटनर	07	11	0	0
अक्षर का मिचेल बो सैंटनर	11	9	0	1
तिलक वर्मा नाबाद	51	26	6	1
नमन का फिलिप्स बो सैंटनर	31	17	1	3
नीतीश नाबाद	26	13	1	1
अतिरिक्त : 10 रन				
योग : 19.5 ओवर में 181/6 रन				
गेंदबाजी : मैट हैनरी 2-1-11-0, जैकब डफी 3.5-0-41-1, लॉकी फर्ग्यूसन 3-0-37-0, माइकल ब्रेसवेल 4-0-35-0, नाथन स्मिथ 3-0-34-1, मिचेल सैंटनर 4-0-21-4				

फ्रेंच ओपन : फाइनल में सिंधू 1 घंटे 13 मिनट में जीता मुकाबला

एजेंसी ▶▶ पेरिस

पीवी सिंधू ने फ्रेंच ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जापान की हिना अकेची पर रोमांचक जीत दर्ज की। भारतीय स्टार ने अकेची को तीन गेम तक चले रोमांचक मुकाबले में 21-10, 20-22, 21-16 से हराकर इस साल दूसरी बार सुपर 750 टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया। सिंधू ने यह मुकाबला 1 घंटे 13 मिनट में अपने नाम किया। इस 31 वर्षीय खिलाड़ी ने इससे पहले जुलाई में जापान ओपन सुपर 750 का खिताब जीता था। विश्व रैंकिंग में 22वें स्थान पर काबिज 21 वर्षीय अकेची ने इस सप्ताह वांग झी यी और पुतरी कुसुमा वारदानी जैसी खिलाड़ियों को हराकर अपनी क्षमता का परिचय दिया था। जापान की खिलाड़ी ने सिंधू को भी अपनी चतुराई भरे शॉट और मजबूत रक्षात्मक खेल से परेशान किया, लेकिन भारतीय खिलाड़ी निर्णायक क्षणों में अपना संयम बनाए रखने में सफल रहीं। सिंधू के सामने फाइनल में दक्षिण कोरिया की विश्व नंबर एक आन से यंग की चुनौती होगी।

- खिताब के लिए विश्व नंबर 1 आन से यंग से भिड़ेंगी सिंधू

शुरुआती गेम में कड़ी टक्कर

शुरुआती गेम में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। स्कोर 4-4 और फिर 8-8 की बराबरी पर पहुंचा। इसके बाद सिंधू ने लय हासिल करते हुए ब्रेक तक 11-9 की बढ़त बना ली। ब्रेक के बाद भारतीय खिलाड़ी ने पूरी तरह दबदबा कायम करते हुए अंतिम 12 में से 11 अंक जीतकर महज 18 मिनट में पहला गेम 21-10 से अपने नाम कर लिया।



सिंधू को मिली बढ़त

मुकाबले का निर्णायक मोड़ 38 शॉट तक चली रैली में आया, जिसका अंत अकेची की नेट पर हुई गलती से हुआ। इससे सिंधू को 18-16 की बढ़त मिल गई। इसके बाद भारतीय खिलाड़ी ने बेहतरीन नेट शॉट लगाकर जीत की ओर कदम बढ़ाए।

भारतीय खिलाड़ी का मैच में नियंत्रण

सिंधू ने लंबी रैली के बाद 20-20 की बराबरी करके उसे बचाया, लेकिन अकेची ने एक और मौका हासिल कर लिया और सिंधू के शॉट के बाहर जाने पर 22-20 से गेम जीत लिया। सिंधू ने निर्णायक गेम में 5-3 की बढ़त के साथ शुरुआत की, लेकिन अकेची ने वापसी करते हुए 6-5 से बढ़त बना ली।

खबर संक्षेप

सेमीफाइनल में हार कर बाहर हुईं अनाहत



रेडवुड सिटी। अनाहत सिंह सिलिकॉन वैली स्क्वाश टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में दुनिया की चौथे नंबर की खिलाड़ी मलेशिया की शिवशंकरी सुब्रहमण्यम से हारकर बाहर हो गई। दुनिया की 15वें नंबर की खिलाड़ी और मौजूदा विश्व जूनियर चैंपियन अनाहत को 11-5 6-11 4-11 7-11 से पराजय का सामना करना पड़ा। यह मलेशियाई प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ उनकी तीसरी हार है। इससे पहले अनाहत ने मिस्र की 8 बार की विश्व चैंपियन नूर अल शेरबिनि को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी।

भारतीय पहलवानों का निराशाजनक प्रदर्शन

अस्ताना। विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के पहले दिन शनिवार को भारतीय पहलवानों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा, जहां ग्रीको-रोमन वर्ग में उतरे 4 पहलवानों में केवल ललित ही जीत दर्ज कर सके। ललित को भी 55 किग्रा वर्ग के क्वार्टर फाइनल में ईरान के पायम फरजाद अहमदी से सामना करना पड़ा। ललित ने प्री-क्वार्टर फाइनल में तुर्किये के ओमर हालिस रेचेप के खिलाफ दमदार वापसी करते हुए 9-7 से जीत हासिल की। वह एक समय मुकाबले में 0-7 से पिछड़ रहे थे और हार से महज एक अंक दूर थे। उन्होंने हालांकि जबरदस्त जुझारूपन दिखाते हुए लगातार नौ अंक जुटाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया।

हीरो वुमैन इंडियन ओपन वाणी ने बनाई बढ़त




गुरुग्राम। भारतीय गोल्फर वाणी कपूर ने हीरो वुमैन इंडियन ओपन के तीसरे दौर के बाद एक शॉट की बढ़त हासिल कर 10 साल बाद घरेलू चैंपियन बनने की उम्मीदें मजबूत कर दी हैं। पांच लाख डॉलर की इनामी राशि वाले लेडीज यूरोपियन टूर (एलईटी) टूर्नामेंट के तीसरे दौर में 32 वर्षीय वाणी ने तीन अंडर 69 का कार्ड खेला। उनका कुल स्कोर पांच अंडर 211 है। वह गत चैंपियन सिंगापुर की शैनन टैन और थाईलैंड की तीन बार की विजेता पोर्नानॉन्ग फाटलम से एक शॉट आगे हैं।

11 वर्ष की उम्र में इंटरनेशनल मास्टर बनीं बोधाना, तोड़ा 38 साल पुराना रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶ लंदन

भारतीय मूल की इंग्लिश शतरंज खिलाड़ी बोधना शिवनंदन 38 साल पुराना जुडिथ पोल्गर का रिकॉर्ड तोड़कर 11 वर्ष की उम्र में सबसे युवा महिला अंतरराष्ट्रीय मास्टर बन गई। उत्तरी लंदन की रहने वाली बोधना को यह रिकॉर्ड तोड़ने के लिए कुछ ही रेटिंग अंक की जरूरत थी। यूरोपीय शतरंज यूनियन ने एक्स पर लिखा, '11 वर्ष की बोधना शिवनंदन को यूरोपीय शतरंज क्लब कप 2026 के आखिरी दौर में में जीत के साथ अंतरराष्ट्रीय मास्टर बनने पर बधाई।' उन्होंने बेलारूस की अंतरराष्ट्रीय मास्टर ओल्गा बाडेलका को तीसरे दौर में हराया और अगले दौर में जॉर्जिया की ग्रैंडमास्टर निनो बाटसियाशवी से ड्रॉ खेला। स्वीडन की महिला अंतरराष्ट्रीय मास्टर विक्टोरिया जोहानसन को हराकर उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की और सर्वकालिक दस सबसे युवा अंतरराष्ट्रीय मास्टर में शामिल हो गई। इस सूची में भारत के आर प्रज्ञानानंदा, डी गुकेश, उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव, अर्जेंटीना के फास्टिनो ओरो, तुर्किये के यागिज खान और रूस के रोमन एस शामिल हैं।



चेन्नई में हरियाणवी एथलीटों का दबदबा

1500 मीटर दौड़ में हितेश को स्वर्ण, सोहित ने जीता रजत पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

तमिलनाडु के चेन्नई स्थित जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में 23 से 27 अक्टूबर तक आयोजित की जा रही 41वीं नेशनल जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2026 में एथलेटिक्स हरियाणा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पदकों की झड़ी लगा दी है। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हरियाणा का 157 सदस्यीय एथलीट दल हिस्सा ले रहा है। प्रतियोगिता के अंडर-20 आयु वर्ग (पुरुष) की 1500 मीटर दौड़ स्पर्धा में हरियाणा के धावकों ने दोहरा दबदबा कायम किया। झज्जर के हितेश ने 3:51.17 सेकंड के समय के साथ स्वर्णिम सफलता हासिल करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं जींद के सोहित विजेंद्र ने महज कुछ ही पलों के अंतर से 3:51.22 सेकंड में दौड़ पूरी कर रजत पदक पर कब्जा जमाया और राज्य का नाम रोशन किया। इसके अतिरिक्त, अंडर-16 बालिका जेवलिन थ्रो इवेंट में फतेहाबाद की मीनाक्षी ने 54.40 मीटर की थ्रो के साथ नया नेशनल और मीट रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता। 20 साल बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में झज्जर की नैंसी ने 11.83 सेकंड समय के साथ कांस्य पदक तथा 20 साल बालक हैमर थ्रो में झज्जर के अमन (67.19 मीटर) ने रजत पदक अपने नाम किया। एथलेटिक्स हरियाणा के अध्यक्ष दिलबाग सिंह, महासचिव प्रदीप मलिक और मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ सहित एसोसिएशन के अधिकारियों व ग्रीवेंस कमेटी सदस्य राजकुमार मिटान ने सभी पदक विजेता एथलीटों को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



महिला अंडर-19 टी-20 ट्रॉफी

दीया के तूफानी शतक से हरियाणा फाइनल में



- यादव ने 65 गेंदों में 15 चौकों और 5 छक्कों की मदद से 119 रन जड़े
- हरियाणा की अंडर-19 महिला टीम ने दिल्ली को 56 रन से दी करारी मात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

महिला अंडर-19 टी20 ट्रॉफी एलीट के सेमीफाइनल मुकाबले में हरियाणा की अंडर-19 महिला टीम ने दिल्ली को 56 रन से हराकर फाइनल का टिकट पक्का कर लिया है। हरियाणा की इस धमाकेदार जीत की स्टार बल्लेबाज दीया यादव रहीं, जिन्होंने मैदान पर चौकों और छक्कों की बरसात करते हुए शानदार शतकीय पारी खेली। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी हरियाणा की शुरुआत बेहद मजबूत रही। सलामी बल्लेबाज दीया यादव ने महज 65 गेंदों में 15 चौकों और 5 गगनचुंबी छक्कों की मदद से 119 रन की विस्फोटक पारी खेली। उनका साथ कप्तानी पारी खेलते हुए तनिष्का शर्मा ने दिया, जिन्होंने 50 गेंदों में 5 चौकों और 1 छक्के की मदद से 51 रन बनाए। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 157 रनों की शतकीय साझेदारी हुई। निर्धारित 20 ओवरों में हरियाणा ने 2 विकेट के नुकसान पर 185 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। दिल्ली की ओर से पूर्वा सिवाच और कनिष्का माथुर को 1-1 सफलता मिली। 186 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली की शुरुआत बेहद खराब रही। हरियाणा की सधी हुई गेंदबाजी के आगे दिल्ली के बल्लेबाज नियमित अंतराल पर अपने विकेट गंवाते रहे। समाइरा राघव ने सर्वाधिक 27 रन और तनिष्का सिंह ने 20 रन का योगदान दिया, लेकिन टीम को जीत तक नहीं पहुंचा सकीं। पूरी दिल्ली की टीम 19.2 ओवरों में 129 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। हरियाणा की ओर से गेंदबाजी में परी यादव (4 ओवर में 22 रन पर 3 विकेट) और समाइरा सहगल (4 ओवर में 19 रन पर 3 विकेट) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दिल्ली के बल्लेबाजी क्रम की कमर तोड़ दी। वहीं तानिया गुर्जर, मिताशा पांचाल और कप्तानी प्रदर्शन करने वाली तनिष्का शर्मा को 1-1 विकेट हासिल हुआ।

जिम्बाब्वे के खिलाफ सीरीज जीतने पर भारत की नजरें, मुकाबला आज



वडोदरा। आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारतीय महिला क्रिकेट टीम जिम्बाब्वे के खिलाफ रविवार को दूसरे वनडे में उतरेगी तो उसका इरादा श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढत बनाने पर लगी होंगी। टी-20 श्रृंखला 3-0 से जीतने के बाद भारत ने पहले वनडे में जिम्बाब्वे को 9 विकेट से हराया। स्पिनर श्रीचरणी ने कैरियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 23 रन देकर चार विकेट लिए जबकि प्रतिका रावल ने नाबाद 100 रन बनाए। पिच से मदद नहीं मिलने के बावजूद चरणी ने बेहद अनुशासित गेंदबाजी की। तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ ने भी 3 विकेट लिए, जिसकी मदद से भारत ने जिम्बाब्वे को 197 रन पर आउट कर दिया और 22 ओवर बाकी रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। 17 वर्ष की बीलवड बिजा का फॉर्म अहम होगा, जिन्होंने पिछले दो मैचों में चार और 62 रन बनाए हैं। मिचेले मावुंगा ने 23 गेंद में 29 रन बनाए, जिसमें तीन चौके और एक छक्का शामिल था। वह इस लय को कायम रखकर बड़ी पारी खेलना चाहेंगी।

मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच बने पोलार्ड

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2027 सत्र से पहले वेस्टइंडीज के पूर्व हरफनमौला कीरोन पोलार्ड को टीम का मुख्य कोच बनाया है, जो महेला जयवर्धने की जगह लेंगे। पोलार्ड पिछले कुछ सत्र से टीम के बल्लेबाजी कोच थे। वह आईपीएल 2027 से टीम के मुख्य कोच का पद संभालेंगे। मुंबई आईपीएल की सबसे सफल टीमों में से है लेकिन आखिरी बार 2020 में खिताब जीता था।

मुंबई इंडियंस ने कहा,' मुंबई इंडियंस को यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि कीरोन पोलार्ड टीम के मुख्य कोच होंगे। यह टीम की विरासत बनाने के प्रति मुंबई इंडियंस की प्रतिबद्धता का परिचायक है। हम मैदान पर और उसके बाहर प्रतिभाओं के विकास और अपनी टीम संस्कृति मजबूत करने के लिए काम करते रहेंगे।'



मुंबई इंडियंस मेरे कैरियर का बड़ा हिस्सा : पोलार्ड

पोलार्ड ने कहा,' मुंबई इंडियंस मेरे जीवन और कैरियर का बड़ा हिस्सा रही है। टीम, खिलाड़ियों और पल्टन के साथ मेरा लगाव मेरे लिए काफी मायने रखता है।' उन्होंने कहा,' एक खिलाड़ी और एक कोच के तौर पर सफर का अनुभव करने के बाद मैं समझ गया हूं कि मुंबई इंडियंस क्या है और उसके साथ जुड़ने की जिम्मेदारियां क्या है।' पोलार्ड ने 2009-2010 से मुंबई के लिए ही आईपीएल खेला और आखिरी बार वह 2022 में खेले। मुंबई के लिए 189 आईपीएल मैचों में उन्होंने 147.32 की स्ट्राइक रेट से 3412 रन बनाए। इसके अलावा 69 विकेट भी लिए।

फीफा अंडर-15 वर्ल्ड कप: : लाओस को 4-2 से हराया, हासिल किए 3 अंक

भारत ने जीत के साथ किया शानदार आगाज

एजेंसी ▶▶ बाकू

भारत ने अजरबैजान में आयोजित पहले फीफा अंडर-15 फुटबॉल वर्ल्ड कप की शानदार शुरुआत की है। बाकू के होवसन कॉम्पिटिशन कॉम्प्लेक्स में खेले गए ग्रुप (के) के अपने पहले मैच में भारत ने लाओस को 4-2 से हराया। भारत के कप्तान मैकडोनिश न्गैरांगबाम (7वें मिनट) और आर. लालरेमरुआतफेला (11वें मिनट) ने टीम के लिए शुरुआती दो गोल दागते हुए बढ़त दिलाई। इसके बाद लाओस के अनाविं जाप्यासोने ने 12वें मिनट में एक गोल करके अंतर को कम करने का प्रयास किया। हाफ-टाइम के तुरंत बाद, दक्षिण-पूर्वी एशियाई टीम के लिए सौक्सवान सिलिसेंग (24वें मिनट) ने गोल करके स्कोर बराबर कर दिया।



33वें मिनट में भारत ने बनाई बढ़त

33वें मिनट में भारत ने अपनी बढ़त को और मजबूत किया, जब सरकार ने हाफ-वे लाइन के ठीक अंदर से शॉट मारा। गेंद गोलकीपर के ऊपर से होती हुई सीधे नेट में चली गई। भारतीय युवा टीम ने बाकी बचे मैच को बखूबी संभाला, अपनी दो गोल की बढ़त को बरकरार रखा और पूरे तीन अंक हासिल किए।

हाफ-टाइम के बाद भारत ने बनाया दबाव

हाफ-टाइम के बाद भारत ने फिर से दबाव बनाया। 21वें मिनट में एक कॉर्नर किक पर मैकडोनिश का हेडर गोल पोस्ट के बिल्कुल करीब से बाहर निकल गया। हालांकि, तीन मिनट बाद ही लाओस ने बराबरी कर ली, जब सौक्सवान सिलिसेंग ने बॉक्स के बाहर से सीधे शॉट लगाकर गेंद को गोल के निचले कोने में पहुंचा दिया। इस बराबरी के बाद भारत ने अपनी आक्रामकता बढ़ाई और खेल का ज्यादातर हिस्सा लाओस के हाफ में खेला गया।

टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही 189 टीमें

इस टूर्नामेंट में 189 राष्ट्रीय टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिन्हें 32 समूहों में बांटा गया है। इसमें मैच 'आठ-खिलाड़ियों' के फॉर्मेट में खेले जा रहे हैं। हर मैच में 20-20 मिनट के दो हाफ होते हैं, और इसमें 'रोलिंग सबस्टिट्यूशन' (खिलाड़ियों को बार-बार बदलने) की अनुमति है। भारतीय टीम ने मुकाबले की शानदार शुरुआत की और पहले चार मिनट में ही दो मौके बनाए। तीसरे मिनट में दीपक सिंह अरामबम ने बॉक्स के अंदर से बाएं पैर से एक जोरदार शॉट मारा, जिसे लाओस के गोलकीपर अनौसिथ सौक्सवान ने रोक दिया।



फ्रांस और इटली में फिर देशव्यापी विरोध प्रदर्शन

पेरिस के संग्रहालय बंद, इटली में 30 से अधिक जगहों पर प्रदर्शन

आंदोलनकारी युवाओं और श्रमिक संगठनों ने जताया विरोध

पेरिस ⏭ नई दिल्ली

फ्रांस में आंदोलनकारी युवाओं और श्रमिक संगठन शनिवार को फिर सड़क पर उतरे। पेरिस की अदालत ने पूर्व में पुलिस की तरफ से लगाई गई पाबंदी हटाकर युवाओं को प्रदर्शन की अनुमति दे दी है। ऐसे में पिछले हफ्ते के हिंसक प्रदर्शनों को देखते हुए सरकार ने भी प्रदर्शनकारियों से सख्ती से निपटने की तैयारी की है। पिछले सप्ताह हुई हिंसा की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए सरकार ने व्यापक पुलिस बल तैनात किया है और पेरिस के प्रमुख संग्रहालयों को बंद कर दिया गया है।

देशभर में करीब 70,000 पुलिसकर्मियों की तैनाती


ऑरलियन्स में मार्च निकालते प्रदर्शनकारी

3000 दुकानों में की थी लूटपाट

हिंसा के बाद, पेरिस पुलिस ने दुकानदारों को निजी सुरक्षाकर्मी तैनात करने की सलाह दी। हालांकि बाद में उन्होंने स्पष्ट किया कि कारोबारियों और उनके प्रतिष्ठानों की सुरक्षा करना सरकार की जिम्मेदारी है। गौरतलब हो, पिछले सप्ताहांत पूरे फ्रांस में लगभग 3,000 दुकानों को नुकसान पहुंचाया गया या उनमें लूटपाट की गई।

व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को ढका

'लूर्व', 'ओरसे संग्रहालय', 'पिकासो संग्रहालय' और 'ग्रैंड पैलैस' जैसे पेरिस के प्रमुख संग्रहालयों को शनिवार को बंद रखा गया। दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित समकालीन कला मेलों में से एक 'आर्ट बेसेल' शुक्रवार को जनता के लिए खोला गया था, लेकिन उपद्रव की आशंका को देखते हुए आयोजकों ने सप्ताहांत के कार्यक्रमों को रद्द कर दिया।

बढ़ती महंगाई, ऊर्जा समेत कई मुद्दों को लेकर किया प्रदर्शन

पेरिस ⏭ रोम

बढ़ती महंगाई, ऊर्जा समेत कई मुद्दों को लेकर शनिवार को इटली में देशव्यापी विरोध प्रदर्शनों हुआ। इटली के कई बड़े शहरों में मिलान, बोलोग्ना, जेनोआ, ट्यूरिन, रोम और फ्लोरेंस में व्यापक प्रदर्शन किए गए हैं। पूरे देश में मार्च, धरना, सभा और हड़ताल सहित 30 से अधिक प्रदर्शन कार्यक्रम हुए।

प्रदर्शन में बड़े शहर रोम, मिलान, बोलोग्ना शामिल



इटली की राजधानी रोम में प्रदर्शनकारी

भारतीयों को प्रदर्शनों से दूर रहने की सलाह

भारत ने इटली, फ्रांस और बेल्जियम में रह रहे अपने नागरिकों को सतर्क रहने, पूरी सावधानी बरतने और उन इलाकों से दूर रहने की सलाह दी है जहां प्रदर्शन हो रहे हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि इन तीनों देशों में मौजूद भारतीय मिशन वहां के हालात पर बारीकी से नजर रख रहे हैं।

सार्वजनिक स्थानों पर विशेष सुरक्षा जांच

रोम में, पुलिस ने अनुमति प्राप्त प्रदर्शनों और ऑनलाइन घोषित की गई अचानक होने वाली रैलियों, दोनों को संभालने के लिए एक सुरक्षा योजना तैयार की है। निगरानी के लिए स्टेट पुलिस के 'फर्स्ट फ्लाइट डिपार्टमेंट' के ड्रोन और कारबिनियरी (इटैलियन पुलिस बल) के विमानों का इस्तेमाल किया जाएगा। सार्वजनिक चौकों से लेकर रेलवे स्टेशनों तक सुरक्षा जांच की जाएगी।

जॉर्डन के चर्च पर हुए हमले की भारत ने की कड़ी निंदा, जयशंकर बोले

आतंकवाद किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं यह 'घिनौना' और 'कायरतापूर्ण' कृत्य


विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर

- जॉर्डन के कराक में चर्च पर हमले में 7 लोगों की मौत हुई जबकि 34 अन्य घायल हुए
- भारत ने हमले की कड़ी निंदा कर आतंकवाद के खिलाफ अपनी प्रतिबद्धता दोहराई
- जॉर्डन के राजा, कनाडाई पीएम और संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने भी हमले पर दुख जताया

पेरिस ⏭ नई दिल्ली

जॉर्डन के कराक शहर में एक चर्च पर हुए जानलेवा हमले की भारत ने कड़ी निंदा की है। शुक्रवार को हुए इस हमले में 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 34 अन्य घायल हो गए। भारत के विदेश मंत्रालय ने इस घटना को 'घिनौना' और 'कायरतापूर्ण' कृत्य बताया। मंत्रालय ने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना जताते हुए घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। भारत ने आतंकवाद के खिलाफ अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि वह इस मुश्किल घड़ी में जॉर्डन के साथ खड़ा है।

मृतकों के प्रति जताई संवेदनाएं

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने भी जॉर्डन में हुए इस हमले पर गहरा दुख जताया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि कराक के चर्च पर हुए घिनौने हमले से वह बेहद दुखी हैं। इस घटना में कई निर्दोष लोगों की जान गई और अनेक लोग घायल हुए। जयशंकर ने मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने कहा कि भारत इस मुश्किल घड़ी में जॉर्डन की सरकार और वहां के लोगों के साथ मजबूती से खड़ा है। उन्होंने आतंकवाद के सभी रूपों और तरीकों के खिलाफ भारत की मजबूत प्रतिबद्धता भी दोहराई।

अंतिम संस्कार के दौरान चर्च में हुई थी गोलीबारी

बता दें, जॉर्डन के कराक इलाके में एक चर्च में अंतिम संस्कार के दौरान बंदूकधारियों ने गोलीबारी की। यह हमला हमूद गांव में स्थित ग्रीक ऑर्थोडॉक्स चर्च में हुआ। हमले में 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 34 लोग घायल हो गए। धार्मिक स्थल पर अंतिम संस्कार के लिए जुटे लोगों को निशाना बनाए जाने से इलाके में शोक का माहौल है।

दुनिया ने की हमले की निंदा

दुनिया भर में इस हमले की निंदा हो रही है। अम्मान में जापान और ऑस्ट्रेलिया के दूतावासों ने शनिवार को बयान जारी कर करक आतंकवादी हमले के पीड़ितों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। जापान के दूतावास ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना जताई और हमले में घायल हुए लोगों के जल्द ठीक होने की कामना की। एक आधिकारिक बयान में, दूतावास ने हिंसा की सभी घटनाओं की निंदा की और पीड़ितों के परिवारों तथा हमले से प्रभावित सभी लोगों के साथ पूरी एकजुटता व्यक्त की। अम्मान स्थित ऑस्ट्रेलियाई दूतावास ने आतंकवादी हमले में जान गंवाने वालों के परिवारों और रिश्तेदारों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की। दूतावास ने आतंकवाद और हिंसक चरमपंथ के सभी रूपों की कड़ी निंदा की। साथ ही, इस कठिन समय में जॉर्डन की जनता के साथ पूरी एकजुटता जताते हुए, घायलों के जल्द और पूरी तरह से स्वस्थ होने की कामना की। लेबनान, सीरिया, मिस्र और ओमान सहित पूरे क्षेत्र से भी इन हत्याओं की निंदा की गई। सुन्नी मुस्लिम दुनिया के सबसे प्रमुख धार्मिक संस्थान, अल-अजहर के ग्रैंड इमाम, काहिरा के अहमद अल-तैयब ने मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और इसे एक 'जघन्य आतंकवादी हमला' बताया।

हमलावरों को मिलेगा कड़ा जवाबः जॉर्डन

जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला द्वितीय बिन हुसैन ने हमले पर दुख जताते हुए कहा कि कराक पर हमला करने वालों को सबसे कड़ी सजा दी जाएगी।



उन्होंने कहा कि जो लोग गोलियों के जरिए जॉर्डन के लोगों को बांटने का सपना देखते हैं, वे उनकी एकता के सामने सफल नहीं होंगे। राजा ने कहा, 'देश के उत्तर से दक्षिण तक सभी जॉर्डनवासी एक ही जमीन और साझा भविष्य से जुड़े हैं। उनके बीच कोई विभाजन नहीं है।' राजा ने मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना जताई और घायलों के जल्द ठीक होने की कामना की। उन्होंने कहा कि हर जॉर्डनवासी की जिंदगी कीमती है और देश को धमकी देने वालों के खिलाफ लोहे की मुट्ठी से कार्रवाई की जाएगी।

लिकटेंस्टाइन के प्रिंस आज से भारत दौरे पर

पीएम मोदी संग निवेश, विज्ञान सहित कई क्षेत्रों में होगी चर्चा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर, लिकटेंस्टीन रियासत के कार्यवाहक राष्ट्राध्यक्ष, हेरेडिटरी प्रिंस (वंशानुगत राजकुमार) एलोइस 25 से 28 अक्टूबर 2026 तक भारत की राजकीय यात्रा पर आएंगे।

उनके साथ उनकी पत्नी, हेरेडिटरी प्रिंसेस सोफी, एक उच्च-स्तरीय आधिकारिक और कारोबारी प्रतिनिधिमंडल भी होगा। भारत के विदेश मंत्रालय ने बताया कि यह 2026 में प्रिंस एलोइस दूसरी बार भारत आ रहे हैं। इससे पहले, वे फरवरी 2026 में 'एआई इम्पैक्ट समिट' में शामिल होने के लिए नई दिल्ली आए थे। हालांकि 2010 और 2018 में भी वो भारत का दौरा कर चुके हैं। पीएम मोदी और प्रिंस एलोइस के बीच द्विपक्षीय बैठक भी होगी। इसमें व्यापार और निवेश, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार जैसे विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा होगी।


प्रिंस एलोइस और पीएम मोदी

दिल्ली से 8.21 करोड़ की 23 किलो भांग बरामद



नई दिल्ली। दिल्ली सीमा शुल्क अधिकारियों ने नई दिल्ली के एयर कार्गो कॉम्प्लेक्स में 21-22 अक्टूबर के बीच मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोहों के खिलाफ चल रही जांच में एक और बड़ी सफलता हासिल की। बरामद पदार्थ की पहचान हाइड्रोपोनिक मारिजुआना (हाइड्रो भांग) के रूप में हुई। कुल मिलाकर 23.220 किलो मादक पदार्थ बरामद कर जब्त किया गया है।

खबर संक्षेप

यासिन मलिक समेत 7 पर चलेगा मुकदमा

नई दिल्ली। राउज एवेन्यू की विशेष एनआईए अदालत ने यासीन मलिक समेत सात आरोपियों के खिलाफ धनशोधन मामले में मुकदमा शुरू करने का आदेश दिया है। अभियोजन पक्ष के गवाहों के बयान 19 नवंबर से दर्ज होंगे। तिहाड़ जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश हुए मलिक ने आरोपों से इनकार किया।

प्रो. अशोक सेन ऑस्कर क्लेन मेडल से सम्मानित



नई दिल्ली। प्रसिद्ध भारतीय भौतिक वैज्ञानिक प्रोफेसर अशोक सेन को वर्ष 2026 के प्रतिष्ठित ऑस्कर क्लेन मेडल से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान पाने वाले वे पहले भारतीय भौतिक वैज्ञानिक हैं। उन्हें यह पुरस्कार ब्रह्मांड की संरचना और ब्लैक होल से जुड़े वैज्ञानिक शोध में महत्वपूर्ण योगदान के लिए यह सम्मान दिया गया।

इग्स तस्करी के विदेशी सिंडिकेट का पर्दाफाश

नशे के साथ एक गिरफ्तार, कोर्ट ने पांच दिन की हिरासत में भेजा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मुख्यालय ने बनीत सिंह तलवार को 'प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट' (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी नशीले पदार्थों की बड़े पैमाने पर तस्करी के मामले में की गई है। इसमें नशीले पदार्थों को सेमी



प्रोसेस्ड टैल्क के भीतर छिपाकर रखा गया था। इसके साथ ही दिल्ली, पंजाब और हरियाणा में भी नशीले पदार्थों की बरामदगी भी हुई है।

जम्मू में रहने वाले 65 पाकिस्तानियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल

श्रीनगर। भारत में अवैध रूप से रहने वाले 65 पाकिस्तानी नागरिकों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई है। इनमें 15 की पहले ही मौत हो चुकी है। जम्मू क्राइम ब्रांच के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी के मुताबिक, पाकिस्तान और पीओके के कुछ नागरिक 1970 के दशक के आखिर में वैध दस्तावेजों पर भारत आए थे। इसके बाद वे जम्मू संभाग के अलग-अलग जिलों में अवैध रूप से रहने लगे। इनमें से कुछ लोगों ने धोखाधड़ी से भारतीय पहचान से जुड़े दस्तावेज हासिल किए।

स्वदेशी प्रणाली की शुरुआत

नौसेना की पानी के भीतर काम करने की क्षमता में होगा इजाफा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि भारतीय नौसेना का समुद्र के अंदर काम करने की क्षमताओं को बढ़ाने की दिशा में एक अहम उपलब्धि हासिल हुई है, जिसके तहत स्वदेशी 'एयर-इंडिपेंडेंट प्रोपल्शन' (एआईपी) प्रणाली के दूसरे चरण की शुरुआत की गई है। मंत्रालय ने कहा कि एआईपी प्रणाली, डीजल-इलेक्ट्रिक पनडुब्बियों की वायुमंडलीय ऑक्सीजन पर निर्भरता को कम करके पानी के भीतर उनके बने रहने की क्षमता को बढ़ाती है।

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि अगले चरण में, एआईपी ऊर्जा मॉड्यूल को बिजली उत्पादन के लिए सक्रिय किया जाएगा और नौसेना के प्रोटोकॉल के अनुसार इसका गहन परीक्षण किया जाएगा।

रेल और यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने को लेकर नई दिल्ली में विचार-विमर्श

दिवाली और छठ के दौरान सुरक्षित रेल यात्रा पर चर्चा

भीड़ प्रबंधन, अग्रिम योजना और कुशल यात्री व आवागमन प्रबंधन पर देंगे ध्यान

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) द्वारा आयोजित सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) प्रमुखों का 8वां अखिल भारतीय सम्मेलन यहां संपन्न हुआ। इसमें रेल सुरक्षा और यात्रियों की सुरक्षा को बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न पहलों पर विस्तार से चर्चा की गई।

इस सम्मेलन की एक प्रमुख विशेषता रेल सूचना प्रणाली केंद्र (क्रिस) द्वारा जीआरपी कर्मचारियों को रेलमदद प्लेटफॉर्म से जोड़ना रही। इसका उद्देश्य यात्री शिकायत निवारण व्यवस्था को बेहतर बनाना, समय पर जानकारी साझा करना और शिकायतों की बेहतर निगरानी करना था। इस इस उच्चस्तरीय सम्मेलन की अध्यक्षता आरपीएफ की महानिदेशक सुश्री सोनाली मिश्रा ने की। इसमें रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और सीईओ सतीश कुमार, रेलवे बोर्ड के सदस्य और अलग-अलग राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के जीआरपी प्रमुख शामिल हुए।


सम्मेलन में भाग लेते वरिष्ठ अधिकारीगण

ट्रेनों पर पत्थरबाजी एक चुनौती

इस सम्मेलन में ट्रेनों पर पत्थरबाजी को एक चुनौती बताया गया और पत्थरबाजी के प्रमुख स्थानों पर गश्ती, बेहतर निगरानी, अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई, युवाओं तक पहुंच और आरपीएफ-जीआरपी के बीच मजबूत तालमेल पर जोर दिया गया। इसके लिए समाज में जागरूकता और रोकथाम के लिए लोगों तक पहुंच को महत्वपूर्ण माना गया।

व्यस्तम समय में सुरक्षाकर्मियों की तैनाती पर जोर

सम्मेलन में दिवाली, छठ और अन्य त्योहारों के दौरान भीड़ प्रबंधन पर भी चर्चा हुई। उत्तरी रेलवे के दिल्ली मंडल ने दिल्ली पुलिस, जीआरपी और दिल्ली मेट्रो के प्राधिकारियों के साथ मिलकर किए गए कार्यों के बारे में बताया। इसमें सीसीटीवी से निगरानी, सार्वजनिक घोषणा, बैरिकेडिंग, निर्धारित ठहराव क्षेत्र और विशेष नियंत्रण कक्ष शामिल थे। यात्रियों की सुरक्षा और यात्रियों के व्यवस्थित आवागमन को सुनिश्चित करने के लिए अग्रिम योजना, प्रभावी यात्री आवागमन प्रबंधन सुरक्षाकर्मियों की समन्वित तैनाती पर जोर दिया गया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28